26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 19 फरवरी, 2026

अंक- 117 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक
एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-

1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंढना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION ) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation



निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।

रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

## मुकेश अंबानी का बड़ा ऐलान

# कहा- अगले सात साल में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** एआई इंपैक्ट समिट में भारत के अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी ने भी बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि एआई का सबसे अच्छा दौर आना अभी बाकी है। उन्होंने कहा, एआई कई क्षेत्रों में नये दौर की शुरुआत कर सकता है। उन्होंने कहा, दुनिया इस बात पर बहस कर रही है कि क्या एआई के कारण ताकत कुछ लोगों के हाथों में सिमट जाएगी। या एआई सभी के लिए मौके और सबके लिए आसान अवसर का माध्यम बनेगा। उन्होंने मौजूदा दौर में कृत्रिम बुद्धिमता के असर को रेखांकित करते हुए कहा, आज एआई को लेकर दुनिया दोराहे पर खड़ी है। एक रास्ता कम, महंगे एआई और कंट्रोल्ड डाटा की तरफ ले जाता है, दूसरा सस्ता, आसानी से मिलने वाली एआई की सुविधा सुनिश्चित करता है। मुकेश अंबानी ने अपने घराने की प्रतिबद्धता साझा करते हुए कहा, जिस तरह कंपनी ने मोबाइल डाटा का कॉस्ट कम किया है, उनका ग्रुप एआई की कॉस्ट भी कम करेगा। उन्होंने कहा कि जियो और रिलायंस इंडिया लिमिटेड (RIL) इस साल से शुरूआत कर अगले 7 वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

आरोग्यम हॉस्पिटल
मण्डावर रोड, निकट जजी चौक, बिजनौर
मो0 8923553881, 9528202224

डॉ. रोबिन तायल
MBBS, D.Ortho, DNB
पूर्व चिकित्सक- के.जी.एम.सी., लखनऊ
अपोलो हॉस्पिटल, नई दिल्ली
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ

डॉ. निधि अग्रवाल
MBBS, MS, FIMR
पूर्व चिकित्सक- सेंटर फार साइट, नई दिल्ली
लायन आई हॉस्पिटल, गाजियाबाद
नेत्र रोग व रेटिना विशेषज्ञा

उपलब्ध सुविधाएँ

ICU, DIGITAL X-RAY, EMERGENCY, BLOOD TEST, ECG........ 24 HOURS.

- एक्सीडेंट व चोट का इलाज।
- घुटने (Knee), व कुल्हे प्रत्यारोपण (Joint Replacement)
- रीढ़ की हड्डी का इलाज (Spine Surgery)
- C-Arm मशीन द्वारा ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन (Arthroscopy)
- प्लास्टर की सुविधा।
- बच्चो के टेढ़े हाथ-पैर का इलाज।
- अत्याधुनिक मशीनो से नेत्र परीक्षण।
- चश्मे की सुविधा।
- मोतियाबिंद का ऑपरेशन।
- नखुना, काला मोतिया का ऑपरेशन।
- लेजर द्वारा लेंस की झिल्ली काटने की सुविधा।
- बच्चेदानी, हर्निया, पित्त की थैली, जबड़े के ऑपरेशन।

रेटिना क्लीनिक

ROP Screening नवजात बच्चे के पर्दे की जाँच
OCT पर्दे की परतों की महीन जांच
Diabetic/Hypertensive Retinopathy Screening बीपी व शुगर से कमजोर पर्दे की जांच व इलाज
Colour Funds photo पर्दे का रंगीन फोटो
Retina Laser पर्दे की बीमारियों का लेजर द्वारा इलाज
Retina Injection पर्दे की बीमारियों का इंजेक्शन द्वारा इलाज

आयुष्मान भारत योजना के अर्न्तगत इलाज व ऑपरेशन की सुविधा
पता- मण्डावर रोड, निकट जजी चौक, बिजनौर
24/7 Emergency Services

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE



इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती



डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# चेयरमैन शबनम नाज़ के निर्देश पर नगर पालिका ने चलाया विशेष अभियान

## नगर को गंदगीमुक्त रखने में सहयोग करें- मो. कमाल

**शेरकोट ( चिंगारी )।** आज से शुरू हुए रमज़ान के मुक़द्दस महीने को लेकर चेयरपर्सन शबनम नाज़ के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा नगर में सफाई, जलापूर्ति और पथप्रकाश के माकूल इंतजाम किए गए हैं। जिसको अमली जामा पहनाते हुए बुधवार को सभी मस्जिदों के बाहर विशेष सफाई कराकर चूना डलवाया गया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि मौ. कमाल ने चिंगारी को बताया कि विगत वर्षों की भांति इस बार भी रमज़ान के मुबारक महीने में चेयरपर्सन शबनम नाज़ के निर्देश पर पालिका द्वारा पेयजल, सफाई और पथ प्रकाश की विशेष व्यवस्था कराई गई है। उन्होंने बताया कि रमज़ान में नगर की सभी मस्जिदों के आसपास व मुख्य मार्गो पर नियमित सफाई का कार्य जारी रहेगा और सहरी व इफ्तार के समय विशेष रूप से जलापूर्ति कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि रात्रि के समय रोजेदारों और नमाजियों को राहत पहुंचाने के लिए मस्जिदों के रास्तों सहित सभी मौहल्लों में मुख्य स्थानों पर खराब लाइटों को बदलवाकर पथ प्रकाश की चाकचौबंद व्यवस्था कराई गई है। उन्होंने बताया कि अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी रमज़ान की व्यवस्थाओं पर खास नज़र रखेंगे और आवश्यकता अनुसार कर्मचारियों को निर्देशित करते रहेंगे। मौ. कमाल ने नगरवासियों से कूड़ा पालिका की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में ही डालने और नगर को गंदगीमुक्त रखने में पालिका का सहयोग करने की अपील की है।



मौहम्मद कमाल

## शुरू हुआ मुकद्दस रमज़ान, सज गईं खजला, फैनी की दुकान

**शेरकोट ( चिंगारी )।** बुधवार को देर शाम चांद का ऐलान होने के बाद आज से मुक़द्दस रमज़ान शुरू हो गया। रमज़ान शुरू हो जाने से नगर में चहल-पहल बढ़ने के साथ-साथ मस्जिदें भी नमाजियों से भरी नज़र आने लगीं। रमज़ान का चांद दिखाई देने की ख़बर मिलते ही लोगों ने एक-दूसरे के रमज़ान की मुबारकबाद दी। चल रही तैयारियों के बीच मगरिब की नमाज में ही मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरी दिखाई दीं। मस्जिदों में इशा की नमाज के बाद रमज़ान में पढ़ी जाने वाली खास तरावीह की नमाज पढ़े जाने का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं गली मोहल्लों व बाजार में रौनक बढ़ गई और खजला, फैनी के साथ-साथ तरह-तरह के बिस्कुट और फलों की दुकानें सज गईं। देर रात तक लोगों ने सहरी के सामान की खरीदारी की, जिस कारण खरीदारों की काफी भीड़ दिखाई दी। मुस्लिम महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने पहला रोजा रखकर घरों व मस्जिदों में इबादत की।



बाज़ार में लगी रमज़ान के खास व्यंजन खजले फैनी की दुकान।

# वाराणसी में गंगा पर चलती नावों में सेल्फी पर सख्ती

## जल पुलिस ने जारी किये निर्देश

**वाराणसी ( एजेंसी/चिंगारी )।** काशी में गंगा नदी पर संचालित नावों और बोटों पर खड़े होकर सेल्फी लेने तथा रील बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए जल पुलिस ने नाविकों के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन का कहना है कि चलती नाव पर खड़े होकर फोटो या वीडियो बनाने से हादसों का खतरा बढ़ जाता है। जल पुलिस के नये निर्देशों के अनुसार, किसी भी सवारी को चलती नाव या बोट पर खड़े होकर सेल्फी लेने या फोटोग्राफी कराने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह एडवाइजरी नौका संचालन की सुरक्षा और श्रद्धालुओं व पर्यटकों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी की गई है। जल पुलिस प्रभारी राजकिशोर पांडेय ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर नाव संचालक और बोट मालिक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 282 ( लापरवाही से खतरा उत्पन्न करना ) के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस धारा के अंतर्गत अधिकतम 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि नाव में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां नहीं बैठाई जाएंगी और प्रत्येक श्रद्धालु या पर्यटक को लाइफ जैकेट पहनाना अनिवार्य होगा। बिना लाइफ जैकेट के नाव संचालन की अनुमति नहीं होगी। यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए रूट संबंधी दिशा-निर्देश भी तय किए गए हैं। अस्सी घाट से नमो घाट की ओर जाने वाली नावें दाहिनी ओर ( रेता साइड ) से चलेंगी, जबकि नमो घाट से अस्सी घाट की ओर आने वाली नावें घाट की दाहिनी ओर से संचालित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, किसी भी श्रद्धालु या पर्यटक के साथ दुर्व्यवहार करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बिना पंजीकरण वाली नावों के संचालन पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जल पुलिस का कहना है कि इन निर्देशों का उद्देश्य गंगा में संभावित दुर्घटनाओं को रोकना और सुरक्षित नौकायन सुनिश्चित करना है।




# जिला कार्यालय में हुई भाजपा की कार्यशाला, वक्ताओं ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला



कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीगण।



कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बॉबी।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज भाजपा के जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसे मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रभारी हरिओम शर्मा व जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बाबी ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया।

कार्यशाला में मुख्य रूप से क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि व हरजिंदर कौर, पूर्व सांसद डॉ यशवंत सिंह, पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन त्यागी, महेंद्र धनोरिया, सी पी सिंह, महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, झालू चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, ब्लॉक प्रमुख चौ. तपराज सिंह देशवाल, विजेंद्र चौधरी, आकांक्षा चौहान, अंकित चौधरी, जिला महामंत्री विनय राणा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश सैनी, पूनम गोयल, जिला कोषाध्यक्ष के.के. रवि, माया पाल, विनोद राठी, चौधरी धीर सिंह, विकास अग्रवाल, सुनील राजपूत, संजीव गुप्ता, सुधींद्र कुमार, शोभित त्यागी, रजनी कालरा, गोपाल धीमान, जितेंद्र राजपूत, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, पुष्पराज कमल, वरुण आत्रे, वरुण राजपूत, हेमंत कुमार, अश्विनी कुमार पंडित, वीरेन्द्र शर्मा, संजू प्रधान आदि उपस्थित रहे।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करना और कार्यकर्ताओं के वैचारिक कौशल में वृद्धि करना है। इस महाअभियान का लक्ष्य बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, कार्यपद्धति और केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# जैसे ही चांद नज़र आया कल शाम, बढ़ गए फलों के दाम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कल शाम जैसे ही चांद नजर आया और आज से रमजान शुरू होने का ऐलान हुआ, देखते-देखते ही देखते फलों के दाम और बढ़ गये। इससे पहले कांवड़ यात्रा और महाशिवरात्री के पर्व पर भी फल महंगे हो गए थे। इस संबंध में फुटकर विक्रेताओं का कहना है कि ऊपर से ही फलों के दाम बढ़े है। सभी फलों पर 25 से 40 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। दरअसल, रमजान में होने वाली इफ्तारी में फलों का विशेष रूप से प्रयोग होता है। ऐसे में मुनाफाखोरों को भी मौका मिल जाता है। हालांकि सभी त्यौहारों पर फलों के दामों में तेजी देखी जाती है। फलों के साथ-साथ खजूर के दाम भी बढ़ गए हैं। हालांकि इससे रोजेदारों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। कल शाम से ही बाजारों में रौनक देखी गई। मुसलमानों ने रमजान में उपयोग होने वाली सभी चीजों की बढ़-चढ़कर खरीदारी की।

# जिला बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए कमेटी का गठन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला बार एसोसिएशन बिजनौर की कार्यकारिणी की आज एक महत्वपूण बैठक आहूत की गई, जिसमें जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव कराने हेतु विधिक एवं परम्परागत रूप से अधिवक्ताओं सर्वश्री चरत सिंह, राकेश कुमार, अनिल भटनागर, शुभम, नफीस कुरैशी, मुकुल राठोर, दुष्यंत त्यागी, धर्मेन्द्र रस्तौगी, नईम अहमद, त्रिवेन्द्र सिंह, जयनेन्द्र सिंह, देवेन्द्र कटारिया, खुर्शीद मोहसिन जैदी, राजेन्द्र सिंह, विवेक उर्फ नीटू, विनीश कुमार, विनोद तोमर, गंगाराम, अजय जंघाला, संजय शर्मा की कमेटी गठित की गई है। अध्यक्ष यशपाल सिंह एवं सेक्रेट्री विशाल अग्रवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कमेटी आपसी बातचीत कर अपने विवेक से मॉडल बाइलॉज के अनुसार आगामी चुनाव सम्पन्न करायेगी। कमेटी से यह भी अपेक्षा की गई है कि वह जिला बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों को एकता के सूत्र में बांध कर बार के मान सम्मान में पिछले दिनों आये गतिरोध को दूर करने का भी काम करेगी।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero

MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

भली लगे या बुरी ...

## बदहवासी का माहौल

देश में इन दिनों चारों ओर बदहवासी, आरोप-प्रत्यारोप और अविश्वास का माहौल है, जिसके चलते समाज के एक बहुत छोटे वर्ग के अलावा अधिकतर नागरिकों के चेहरों पर हवाईयां उड़ रही हैं। एक समय था जब समाज का मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग भी खुशहाल समझा जाता था, पर अब सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती महंगाई के चलते उनकी स्थिति गरीब और निम्न वर्ग की स्थिति से कुछ ख़ास बेहतर नहीं है। दरअसल, व्यवहारिक अर्थों में जीवन की कोई भी आवश्यकता अब कल्याणकारी राज्य यानी सरकार की जिम्मेदारियों में शामिल नहीं है। कोई यह पूछने वाला ही नहीं है कि अधिकतर नेताओं और नौकरशाहों के पास बिना किसी उचित माध्यम के करोड़ों की पूंजी रातोंरात कहां से आ जाती है। अब हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार भी खेद, शर्म और जुगुप्सा पैदा नहीं करते। यूपीए-2 का 2-जी घोटाला हो या कामवेल्थ खेल घोटाला, आदर्श सोसाइटी घोटाला हो या कोयला घोटाला, कर्नाटक और उत्तराखण्ड की पूर्ववर्ती भाजपा सरकारों के उत्खनन घोटाले हों या उत्तर प्रदेश के पिछले सपा शासन में हुए खाद्यान्न और पुलिस भर्ती जैसे घोटाले, पिछले बसपा शासन में पूरे पांच साल चलते रहे अनेकानेक घोटाले हों या वर्तमान में खुल रही विभिन्न पार्टियों के नेताओं की परत-दर-परत लूट कथा का अंतहीन सिलसिला - कोई नहीं जानता कि यह दौर कहां जाकर थमेगा, थमेगा भी या नहीं।

मुद्दा सिर्फ कुछ राजनीतिक दलों/नेताओं के करोड़ों-करोड़ के भ्रष्टाचार तक सीमित नहीं है। सच तो यह है कि पूरी व्यवस्था को यह घुन बुरी तरह चट कर रहा है और आम आदमी हताश-निराश और सहमा हुआ है। 'जागते रहो' फिल्म के नायक की तरह वह कब लाठी उठा ले, कहा  नहीं जा सकता। लोकतंत्र के नाम पर हमारे जो प्रतिनिधि संसद और विधान सभाओं में पहुंच रहे हैं, उनमें से अधिकांश की एकमात्र योग्यता पूंजी है। हालत यह है कि ईमानदार और समाजसेवी व्यक्ति संसद या विधानसभा में पहुंचने का सपना भी नहीं देख सकता। इन लोकतांत्रिक संस्थाओं में आम आदमी के नाम पर जो बहसें हो रही हैं, जो कानून बन रहे हैं, उनका वास्तविक लाभ शायद ही समाज के आखिरी छोर तक पहुंच रहा हो।

# एआई यानी आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस से क्यों डरी आईटी कंपनियां?

यही वजह है कि जैसे ही यह नया टूल एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने लांच किया, खासतौर पर भारतीय तकनीकी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखी गयी। इतना ही एक सप्ताह के अंदर यह गिरावट फिर से आई और देखते ही देखते 8 दिन में आईटी सैक्टर की कंपनियों को शेयर मार्केट में 6 लाख करोड़ की पूंजी गंवानी पड़ गयी। पहले सास मॉडल यानी सोफ्टवेयर एज़ ए सर्विस पर काम करने वाली कंपनियां यूज़र को टूल देती थीं, जिसके उपयोग और रखरखाव के एवज़ में कंपनी को मोटी फीस मिलती थी। अब एआई कंपनी ने इस पुराने मॉडल के वजूद को ही चैलेंज कर दिया है। जिसमें एआई स्वयं सॉफ्टवेयर बनायेगा और उसको चलाते हुए मेंटिनेंस भी खुद ही कर लेगा। अब हालत यह होने जा रही है कि 2021 में प्रोग्रामर तलाश करने पर जो 3000 जॉब दिखती थीं, वे अब मात्र 100 के आसपास सिमटती जा रही हैं।



▶▶ इक़बाल हिन्दुस्तानी

एक कंपनी के टैक्निकल मैनेजर की उसके एक जानकार से हुयी बातचीत आजकल सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह बातचीत नये कोडिंग वाले एआई और एसएएस मॉडल के नाकाम होने को लेकर भारतीय आईटी कंपनियों के अस्तित्व पर मंडरा रहे ख़तरे को लेकर चर्चा का विषय बनी हुयी है। मैनेजर का कहना है कि हमारे देश का आईटी सैक्टर पिछले कई दशक से जिस एसएएस मॉडल पर काम कर रहा था, वह अब बेकार होने जा रहा है। इसकी वजह यह है कि एआई का नया परिष्कृत रूप अब तरह-तरह के कुछ प्रश्नों का उत्तर देने वाला मात्र चैटबॉट नहीं रह गया है, बल्कि वह विशेषज्ञ मानव की तरह एआई कामगार बन चुका है। मिसाल के तौर पर मैनेजर अपनी अन्य हल्की और आम बातों के साथ जो सबसे गंभीर और आईटी उद्योग की सबसे बड़ी ख़तरे की घंटी की आहट सुनकर बता रहा है, वह यह है कि अब एआई कानूनी मसौदा बहीखाता प्रूफ रीडिंग इंट्रो हैडिंग कॉलम चैकिंग, टैस्टिंग और कोडिंग तक का काम मिनटों नहीं, सेकंडों में करके दे रहा है। वह किसी भी विषय पर लेख, निबंध और रिपोर्ताज तक पलक झपकते ही उपलब्ध करा रहा है। यही वजह है कि इस कंपनी के मैनेजर ने पिछले दिनों 30 साल से काम कर रहे एक अधेड़ वरिष्ठ तकनीकी प्रोग्रामर अधिकारी को इसलिये हटा दिया, क्योंकि जो काम वह एक सप्ताह में करता था, उसी काम को प्रबंधक ने इंग्लिश में डायरेक्शन देकर एआई से दस मिनट में उससे भी बेहतर क्वालिटी में करा लिया। मैनेजर का कहना था कि मानव कर्मचारी के साथ बैठक चर्चा अपडेट और दिशा निर्देश देने और फिर उसको क्रॉस चैक करने में समय और पैसा दोनों ही अधिक लगता है।




वायरल चैट में इस मैनेजर ने सबसे डरावनी बात जो कही वह यह थी कि अगर उनका इतना पुराना अनुभवी और एक्सपर्ट आईटी कर्मचारी अब कंपनी के लिये नि:शुल्क भी सेवायें देता तो कंपनी स्वीकार नहीं करती, क्योंकि वह जितना समय इस काम में लगायेगा, दूसरी उनकी प्रतियोगी कंपनियां एआई से सेकंडों में काम लेकर उनकी कंपनी को मार्केट में पीछे छोड़ देंगी। यही वजह है कि जैसे ही यह नया टूल एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने लांच किया, खासतौर पर भारतीय तकनीकी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखी गयी। इतना ही एक सप्ताह के अंदर यह गिरावट फिर से आई और देखते ही देखते 8 दिन में आईटी सैक्टर की कंपनियों को शेयर मार्केट में 6 लाख करोड़ की पूंजी गंवानी पड़ गयी। इस गिरावट के दौर के आगे भी चलने का खतरा आईटी सैक्टर पर मंडरा रहा है। पहले सास मॉडल यानी सोफ्टवेयर एज़ ए सर्विस पर काम करने वाली कंपनियां यूज़र को टूल देती थी, जिसके उपयोग और रखरखाव के एवज़ में कंपनी को मोटी फीस मिलती थी। अब एआई कंपनी ने इस पुराने मॉडल के वजूद को ही चैलेंज कर दिया है, जिसमें एआई स्वयं सॉफ्टवेयर बनायेगा और उसको चलाते हुए मेंटिनेंस भी खुद ही कर लेगा। अब हालत यह होने जा रही है कि 2021 में प्रोग्रामर तलाश करने पर जो 3000 जॉब दिखती थीं, वे अब मात्र 100 के आसपास सिमटती जा रही हैं। हालांकि जब शुरू-शुरू में कंप्यूटर आये थे, तब भी नौकरियों को लेकर ऐसा ही खतरा माना जा रहा था, लेकिन कुछ जॉब कंप्यूटर से घटे तो नये जॉब भी भारी संख्या में पैदा हुए, लेकिन एआई को लेकर कुछ अधिक ही पैनिक है। शायर ने कहा है- **यहां किसी को कोई रास्ता नहीं देता, मुझे गिरा के तुम संभल सको तो चलो।।**

(नोट : लेखक नवभारत टाइम्स डॉटकाम के ब्लॉगर और पब्लिक ऑब्ज़र्वर अख़बार के चीफ एडिटर हैं।)

# आज के दिन कृष्ण ने राधा व गोपियों के साथ पहली बार खेली थी फूलों की होली

## ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है 'फुलेरा दोयज' का पर्व



भारत देश अनेक विविधताओं वाला देश है। यहां अनेक धर्म, जाति के लोग निवास करते हैं तथा अनेक पर्व व त्यौहार मनाये जाते हैं। इन्हीं में से एक पर्व है 'फुलेरा दोयज।' यह पर्व फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की दोयज को मनाया जाता है। हालांकि वर्तमान में यह अन्य क्षेत्रों में लुप्त प्राय: ही हो गया है, लेकिन ब्रज क्षेत्र में यह आज भी मनाया जाता है। कहा जाता है कि इसी दिन श्री कृष्ण ने राधा व गोपिकाओं के साथ पहली बार फूलों की होली खेली थी। फाल्गुन का महीना आते ही सभी के चेहरे खिल जाते हैं। शुक्ल पक्ष की दोयज से तो समस्त वातावरण में होली की उमंग छाने लगती है। एक समय था जब इस दिन बालक-बालिकाएं, किशोर-किशोरियां सुबह स्नान करके एक 'बोइए' (छोटी सी टोकरी) में रंग-बिरंगे फूल लेकर अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों व अन्य परिचितों के घर जाकर उनके प्रवेश द्वार पर डालते थे और बदले में उस परिवार के लोग उन्हें मिठाई, फल, पैसे अथवा अन्य उपहार देते थे। लेकिन अब इस परम्परा (पर्व) को लोग भूल चुके हैं। प्रत्येक वर्ष 'फुलेरा दोयज' आती है और चुपचाप चली जाती है। बस ब्रज क्षेत्र में इसकी अब भी कुछ मान्यता है। इसी दिन मथुरा-वृंदावन के मंदिरों में श्री कृष्ण की मूर्ति की कमर में रंगीन पटका (वस्त्र) बांध दिया जाता है, जो इस बात का प्रतीक होता है कि अब श्री कृष्ण होली खेलने के लिए तैयार हैं। इसी दिन उन्हें गुलाल लगाने के साथ ही मिष्ठानों का भोग लगाया जाता है। श्री कृष्ण के साथ ही राधा रानी की मूर्ति को भी सजाया जाता है और तभी से ब्रज की विश्व प्रसिद्ध होली की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। मान्यता के अनुसार इसी दिन श्री कृष्ण और राधा ने फूलों की होली खेलने की शुरूआत की थी, इसीलिए इस दिन (दोयज) को 'फुलेरा दोयज' कहा जाता है। - **हुक्का बिजनौरी**

# डीएम ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



## कक्ष निरीक्षक के पास आईडी न मिलने पर नाराजगी जताई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बुधवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परीक्षाओं को नकलविहीन एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, बोर्ड पर्यवेक्षक मनोज आर्य, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज एवं आरजेपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर का निरीक्षण किया, जहां सीसी टीवी कैमरे, प्रकाश व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं सही पाई गईं। सीसी टीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करने पर पाया गया कि सभी कैमरे संचालित हैं और सुचारू रूप से कार्यरत हैं। उसके बाद उन्होंने आरजेपी इंटर कॉलेज में संचालित परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक एग्जामिनर द्वारा पहचान पत्र न लगाए जाने तथा महिला एग्जामिनर द्वारा अपना पर्स परीक्षा कक्षा में पाए जाने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिये कि तत्काल व्यवस्था दुरुस्त कराएं और किसी भी अवस्था में परीक्षा केंद्रों में बिना पहचान पत्र के कोई भी कार्मिक न पाया जाए। इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा कक्षों में एग्जामिनर सहित कोई भी व्यक्ति कोई वस्तु बैग आदि लेकर प्रवेश न कर सके। आरजेपी इंटर कॉलेज में निरीक्षण के दौरान सभी कैमरे संचालित पाए गए। परंतु रिमोट उपलब्ध न होने पर प्रधानाचार्य द्वारा मोबाइल फोन पर सभी परीक्षा कक्षाओं की सजीव स्थिति का अवलोकन कराया गया। उन्होंने निर्देश दिये कि तत्काल रिमोट की व्यवस्था सुनिश्चित करें और यदि कोई उपकरण खराब हो जाए तो तत्काल इसकी व्यवस्था कराएं ताकि व्यवस्था में किसी भी प्रकार का व्यवधान पैदा न हो सके।



सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की दिली मुबारकबाद
**विवेक सेन**

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
पहला रोज़ा : जुमेरात 19 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:13, शिया 6:23
दूसरा रोजा : शुक्रवार, 20 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:26, शिया-5:19


# मोहित बेनीवाल का जन्मदिन मनाया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं एमएलसी मोहित बेनीवाल का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया तथा उनकी दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर केक काटा गया तथा मुहल्ले में मिष्ठान का वितरण किया। इस अवसर पर कपिल चौधरी, सुमित अग्रवाल, सौरभ चौधरी, लक्की गुप्ता, अर्पित गोयल, कपिल गोयल, अंकित गुप्ता, मंजीत सिंह, अजयपाल सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य गौरव लाम्बा, मौ. राशिद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिविर के पांचवें दिन बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी




**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा प्राथमिक विद्यालय, रसूलपुर पिरथी (आदमपुर) में आयोजित सात-दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का विषय डिजिटल एम्पावरमेंट एंड डिजिटल लिटरेसी रहा।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मेघना अरोड़ा एवं डॉ. बबीता चौधरी ने मुख्य वक्ता का स्वागत बाल वृक्ष भेंट कर किया। मुख्य वक्ता के रूप में सत्येंद्र कुमार, सेवानिवृत ब्रांच मैनेजर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, नहटौर पधारे। उन्होंने बैंकिंग सेक्टर में डिजिटलाइजेशन की भूमिका एवं उसके विभिन्न आयामों पर विस्तार में समझाया। शिविर के दूसरे सत्र में, डिजिटल एम्पावरमेंट एंड साइबर लिटरेसी पर एक इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें असद ख़ान चीफ मैनेजर, एसबीआई रीजनल ब्रांच, बिजनौर मुख्य अतिथि के रूप में रहे। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के लाभ और हानि के बारे में जानकारी प्रदान की। मंच का संचालन कशिश और हिमानी ने किया।

# भाजपा ने आयोजित की जिला कार्यशाला

**नगीना ( चिंगारी )।** भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 जिला कार्यशाला में आयोजित कार्यक्रम में नगीना से काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी पहुंचे। कार्यक्रम में नगीना से भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, पूर्व विधायक सतीश गौतम, प्रांतीय पार्षद रोहित कुमार रवि, मंडल अध्यक्ष अंजलि मित्तल, सौरभ मित्तल, अब्दुल कय्यूम राईन, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, रजनी चंद्र कालरा, अनुज अग्रवाल, कुलदीप त्यागी, अशोक सैनी, रवि प्रजापति, तूफान सिंह एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# समस्याओं का नहीं होता समाधान इसीलिये कार्यक्रम में कम आये किसान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** किसान दिवस में किसानों की समस्याओं से संबंधित दिए गए प्रार्थना-पत्रों पर संतोष जनक समाधान करने की जगह सिर्फ प्रार्थना-पत्र को निष्क्रिय करने के लिए खानापूर्ति करने पर भाकियू पदाधिकारियों ने आक्रोश जताया। अधिकारियों ने भविष्य में सभी प्रार्थना-पत्रों पर ससमय संज्ञान लेते हुए एप्लीकेंट को भी सूचना देने का भरोसा दिलाने पर भाकियू पदाधिकारी शांत हुए।

भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने कहा कि जिले के अधिकारी किसानों की गंभीर समस्याओं के प्रति तत्परता न दिखाकर सिर्फ खानापूर्ति करने का ही परिणाम है कि इस बार किसान दिवस में मात्र चार भाकियू पदाधिकारी ही शामिल हुए हैं, जबकि जिले भर के किसान अपनी अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। खेतों में बिजली की जर्जर लाइन निकल रही हैं और कोई देखने वाला नहीं है। गुलदारों से निजात दिलाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, प्रदेश महासचिव ठाकुर रामावतार चौहान, जिला सचिव अमित मान और पूर्व युवा जिला संगठन मंत्री नुसरत कुरैशी ने किसान दिवस में जिले भर के किसानों व जनसमस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सभी अधिकारियों को सौंपते हुए कहा कि अगर अब से किसान दिवस में आने वाली शिकायतों में खानापूर्ति की गई तो भाकियू किसान दिवस के दिन विकास भवन में आंदोलन किया करेगी। किसान दिवस में उपनिदेशक कृषि घनश्याम वर्मा, जिला कृषि अधिकारी जसवीर तेवतिया, जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह, उपनिबंधक सहकारिता राजवीर सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. लोकेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# मिल उपाध्यक्ष ने किसानों के खेतों में जाकर गन्ना बुवाई का किया शुभारंभ

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल धामपुर के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता द्वारा बसंत कालीन गन्ना बुवाई 2026 का किसानों के खेतों पर जाकर शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम गांव नंगला पीपला में यशवंत सिंह के खेत पर जाकर ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई का शुभारंभ किया गया। ग्राम चकराजमल में दीपक कुमार के तदुपरांत ग्राम जमालपुर महीपत में कपिल चौधरी के खेत पर जाकर भी ट्रेंच विधि से गन्ना प्रजाति की बुवाई भी शुभारंभ किया गया। किसानों से आह्वान किया कि सभी किसान गहरी जुताई कर ट्रेंच विधि से ही गन्ने की बुवाई करें। इससे सभी किसानों की पैदावार बढ़ेगी, जिससे किसानों के साथ-साथ चीनी मिल को भी अधिक गन्ना मिलेगा और मिल को भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सभी किसान, सरकार व वैज्ञानिकों द्वारा स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की ही बुवाई करें। इस अवसर पर गन्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह, गन्ना विकास विभाग के हेड करुण अग्रवाल, गन्ना प्रबंधक मनोज चौहान, दिनेश राजपूत आदि फील्ड स्टाफ भी मौजूद रहा। गन्ना महा प्रबंधक ने बताया कि किसान भाइयों को कृषि यंत्रों पर अनुदान दिये जाने के साथ-साथ पेस्टिसाइड्स भी छूट पर दी जा रही हैं। इसका किसान भाई लाभ उठाएं।



गन्ना बुवाई का शुभारंभ करते हुए धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता।

# शिविर लगाकर दिव्यांगों व बुजुर्गों को सहायक उपकरणों का किया वितरण

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नगर निगम स्थित आई.एस.बी.टी.परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा एक विशाल सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ महापौर शंभू पासवान द्वारा किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के दिव्यांग जन, वरिष्ठ नागरिकों को सुलभ जीवन जीने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना था। शिविर में पूर्व में चयनित 12 दिव्यांगों, 60 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकतानुसार विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किये गये वितरण सामग्री में मुख्य रूप से बैटरी चालित ट्राई साइकिल, साधारण ट्राई साइकिल, फोल्डिंग व्हीलचेयर, वाकिंग स्टिक, कान की मशीन, व्हीलचेयर, कम्बोड, सिलिकोन कुशन और कमर बेल्ट इत्यादि उपकरण शामिल रहे। महापौर शंभू पासवान ने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की सेवा करना ही नगर निगम और सरकार की प्राथमिकता है। दिव्यांगों और बुजुर्गों को सशक्त बनाना हमारा कर्तव्य है, ताकि वे बिना किसी बाधा के अपना दैनिक जीवन व्यतीत कर सके। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि पार्षद रामकुमार सांगर, दीपक बिष्ट, श्रीमती सरोजनी थपलियाल, मनीष जाटव, समाज कल्याण विभाग से शोभित दास, आकाश, विनोद आदि उपस्थित थे।







# जैन समाज के स्वर्ण रथ यात्रा महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ

## 23 से 26 फरवरी तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**धामपुर( चिंगारी )।** सकल जैन समाज की ओर से आगामी 23 फरवरी से आयोजित होने वाले श्री 1008 चंद्रप्रभु भगवान निर्वाण उत्सव एवं 141 वें वार्षिक स्वर्ण रथ यात्रा महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस वर्ष 8 किलो निर्वाण लाडू, कुबेर, इंद्र रथ तथा ऐरावत हाथी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

ट्रस्ट श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मोहल्ला गुजरातियान के अध्यक्ष संजीव कुमार जैन, सचिव आलोक कुमार जैन एवं कोषाध्यक्ष दीपक कुमार जैन के संरक्षण में होने वाले इस चार दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत निकाली जाने वाली प्राचीन एवं ऐतिहासिक दोनों स्वर्ण रथ यात्राओं तथा अन्य कार्यक्रमों का इस वर्ष के लिए अरुण कुमार जैन को संयोजक तथा सौरभ कुमार जैन को सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। संयोजकों ने कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 23 फरवरी को प्रात: 7 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ ही प्रात: 7:30 बजे श्री जी का सामूहिक अभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम होगा तथा 8:30 बजे चंद्रप्रभु भगवान का निर्वाण लाडू उत्सव आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार श्री शांतिनाथ जिनालय में भी 8:45 बजे निर्वाण लाडू कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को प्रात: 6:30 बजे श्री जी का सामूहिक अभिषेक, पूजन तथा 10 बजे सामूहिक भोज का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 10:30 बजे स्वर्ण रथ यात्रा की बोलियों के बाद दोपहर 11 बजे रथ यात्रा प्रारंभ कर दी जाएगी, जो निर्धारित मार्गों की परिक्रमा के बाद मंदिर जी में पहुंचकर संपन्न होगी। रथ यात्रा के अंतर्गत बड़ी मंडी में समाजसेवी निखिल जैन एवं आयुष जैन के संयोजन में पांडुक शिला पर श्री जी का अभिषेक, आरती आदि कार्यक्रम होंगे।

जबकि 25 फरवरी को प्रात: 6:30 बजे श्री जी का सामूहिक अभिषेक एवं पूजन तथा शाम 7:30 बजे आरती एवं भक्ति कार्यक्रम होंगे। इसी प्रकार 26 फरवरी को 11 बजे रथ यात्रा प्रारंभ कर दी जाएगी। इस यात्रा के अंतर्गत कालागढ़ रोड स्थित शुभम मंडप में नमन जैन के संयोजन में पांडुक शिला पर श्री जी का अभिषेक एवं आरती कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। शाम 5 बजे श्री जी का अभिषेक एवं आरती कार्यक्रम आयोजित होंगे।




# डीपीएस में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता, हिंदू रक्षा सेना महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती ऐश्वर्या चौधरी ने विज्ञान प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किये गये विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 1 से लेकर 11 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं आधुनिक विज्ञान से संबंधित अनेक आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है तथा उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करती है।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता।

# दूसरे घर पर गया था संघ कार्यकर्ता का परिवार, चोरों ने किया लाखों का माल पार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम तिसोतरा निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता मनोज रुहेला का घर जंगल से सटा हुआ है। तीन भाइयों के घर एक ही परिसर में एक-दूसरे से सटे हुए हैं। गत रात्रि मनोज रुहेला का पूरा परिवार बरकातपुर मिल चौराहे पर बने दूसरे घर में गया हुआ था। चोरों ने पूरे परिसर एवं स्कूल के मेन गेट की सांकल काटकर अंदर प्रवेश किया तथा मनोज रुहेला के बड़े भाई सुनील रुहेला एवं छोटे भाई अरुण रुहेला के घरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिये। रात्रि लगभग तीन बजे सुनील रुहेला के परिवार का एक सदस्य लघुशंका के लिये उठा, तो बाहर से दरवाजा बंद था। एक अन्य कमरे में सो रहे सदस्य ने दरवाजा खोला। बाहर निकलने पर मनोज रुहेला के घर का दरवाजा खुला देखकर उन्हें चोरी होने का पता लगा।

सूचना पर मनोज रुहेला अपने घर पहुंचे और पाया कि चोरों ने घर के बाहरी दरवाजे का कुंदा काटकर अंदर प्रवेश किया और वहां रखी चाबी से सेफ अलमारी को खोलकर उसका लॉकर तोड़ दिया। बड़े संदूक का ताला काट दिया। मनोज रुहेला के पुत्र केशव रुहेला ने बताया कि चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने के गले के 2 सेट, सोने की 3 अंगूठी, सोने के 2 टीका, चांदी के 10 सिक्के, चांदी की 4 कटोरी, एक जोड़ी पाजेब,



चोरों द्वारा अस्त-व्यस्त किया गया सामान

कूल्हा चोरी करके ले गये, जबकि चोर एक छोटा संदूक भी चोरी करके ले गये, जिसमें लगभग दो लाख रूपये की नकदी, बैनामों के कागजात एवं बैंक की चैकबुक आदि सामान था।

## चोरों को पता था घर में कोई नहीं है

**चोरों को शायद भनक लग गई थी कि गत रात्रि घर में कोई नहीं है। इसीलिये उन्होंने शेष दोनों घरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिये थे , ताकि आहट सुनकर वहां से कोई आ न जाये। मनोज रुहेला ने दूसरा घर बरकातपुर मिल चौराहे के समीप स्थित कॉलोनी में बना रखा है। उनके पुत्र माधव रुहेला की 21 फरवरी को शादी है, जिसके उपलक्ष्य में गत रात्रि दूसरे घर में कोई कार्यक्रम था।**

सूचना पर रात्रि में ही थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट ( फोरेंसिक टीम ) और डॉग स्क्वॉड भी पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही की। पुलिस उक्त घर तक जाने वाले सभी रास्तों की सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि चोरों का पता लगाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

# धरना जबरन हटाने के विरोध में किसान संघ ने दिया ज्ञापन

**किरतपुर ( चिंगारी )।** हेमराज कॉलोनी बिजनौर चौराहे पर भारतीय किसान संघ द्वारा पिछले 9 माह से अंडरपास की मांग को लेकर चल रहे धरने को प्रशासन द्वारा जबरदस्ती खत्म करा दिया था। उसके विरोध में किसान संघ किरतपुर के अध्यक्ष बलराम सिंह ने कल खंड विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में किसानों द्वारा दिए जा रहे धरने को जबरदस्ती हटाने की निंदा की और मुख्यमंत्री से अंडरपास बनवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में रामवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, श्रीमती प्रभादेवी, चंद्रपाल सिंह, चेतराम सिंह, आत्माराम सिंह, पंकज सिंह, कुलबीर सिंह, गजराज सिंह, रामगोपाल आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
( उत्तर प्रदेश सरकार )
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

पहला रोज़ा : जुमेरात 19 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:13, शिया 6:23
दूसरा रोजा : शुक्रवार, 20 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:26, शिया-5:19

# लड़की को किये अश्लील इशारे अब 6 साल जेल में गुजारे

## कोर्ट ने शहजाद कबाड़ी को सुनाई सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्रीमती कल्पना पांडेय ने 14 वर्षीय किशोरी को घर में अकेला पाकर उसे अश्लील इशारे करने के मामले में शहजाद कबाड़ी को दोषी माना है। विशेष सत्र न्यायाधीश ने शहजाद को छह वर्ष की कैद और 60 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।



विशेष लोक अभियोजक भालेंद्र राठौर के अनुसार एक महिला ने थाना चांदपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा है कि उसका पति काफी समय से बीमार चल रहा है, जिस वजह से वह घर और जंगल का काम स्वयं करती थी। 15 नवंबर 2025 को वह अपने पुत्र के साथ जंगल गई थी और घर पर उसकी 14 वर्षीया पुत्री अकेली थी। इसी दौरान दोपहर के समय शहजाद कबाड़ खरीदने के बहाने उनके घर में घुस आया। किशोरी ने डर से कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। कुछ समय बाद जब किशोरी ने दरवाजा खोला तो देखा कि शहजाद कबाड़ी घेर में खड़ा है और उसे देखकर अपने कपड़े खोलकर अश्लील इशारे करने लगा। उसकी अश्लील हरकतें देखकर पीड़िता ने दरवाजा बंद कर लिया अंदर बैठ गई। अभियुक्त की अश्लील हरकतें घेर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडेय ने अभियुक्त शहजाद को दोषसिद्ध पाकर सजा सुनाई है।

# शासकीय योजनाओं में सहयोग न करने पर होगी कार्रवाई

## डीएम ने दिये निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम युवा उद्यमी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने यूको बैंक, यस बैंक एवं इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा किसी भी मीटिंग में प्रतिभाग न करने और शासकीय रोजगार परक योजनाओं में अपना सहयोग उपलब्ध न करने के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि उनकी ओर से उनके उच्च अधिकारियों को पत्र लिखवाएं ताकि उनके स्तर से उनके





विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जा सके। उन्होंने कहा कि सीएम युवा उद्यमी योजना का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना है। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि प्रति ब्रांच प्रतिमाह दो लाभार्थियों को सीएम युवा उद्यमी योजना से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर स्वीकृत ऋणों के वितरण में आ रही बाधाओं को दूर करना सुनिश्चित करें तथा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया की डिजिटल मॉनिटरिंग भी करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आवेदनों को अनावश्यक रूप से रोकने या देरी करने वाले अधिकारियों और बैंक शाखाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उपयुक्त उद्योग अमित कुमार, एलडीएम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं बैंक प्रतिनिधि मौजूद थे।

# गन्ना लेकर जा रहे किसान पर जानलेवा हमला किया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शुगर मिल में गन्ना लेकर जा रहे किसान पर आधा दर्जन लोगों ने हमला करके घायल कर दिया। घायल को परिजन उपचार के लिए हायर सेंटर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव पुरैना अब्दुल रहमानपुर निवासी रिटायर्ड फौजी व किसान ब्रजपाल सिंह (64) बुधवार को चांगीपुर स्थित शुगर मिल में गन्ना लेकर जा रहा था। जब वह एक नहर के पास पहुंचा तो वहां गांव निवासी लोगों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल ब्रजपाल सिंह को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। परिजन उसे उपचार के लिए मेरठ ले गए। थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने घटना के सम्बंध में बताया कि 112 पुलिस को सूचना दी गई है, लेकिन पीड़ित की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# रमजान मुबारक का महीना इंसानियत व हमदर्दी का पैगाम: मुफ्ती अरशद

## यह महीना इबादत, आत्म-सुधार व इंसानियत का संदेश लेकर आता है

नजीबाबाद ( चिंगारी )। जमीयत उलेमा-ए-हिंद, बिजनौर के जिला जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती मुहम्मद अरशद कासमी ने कहा है कि रमजान मुबारक का महीना अल्लाह की तरफ से रहमतों व बरकतों से भरा हुआ मुबारक महीना है। यह महीना इबादत, आत्म-सुधार व इंसानियत का पूरा संदेश लेकर आता है। यह इंसान को अपने रब से जोड़ता है और साथ ही उसे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास भी दिलाता है। रोजा सिर्फ भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह सब्र, आत्म-संयम और तकवा ( ईश्वर-भय व सजगता ) की शिक्षा देता है। जब इंसान अपनी बुनियादी जरूरतों को कुछ समय के लिए रोक देता है, तो उसे भूख और प्यास की तकलीफ का एहसास होता है। यही एहसास उसे गरीबों, मजलूमों और जरूरतमंद लोगों के करीब ले जाता है।



रमजान हमें सिखाता है कि इबादत और इंसानियत एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। अल्लाह की इबादत दिल को साफ करती है और इंसानों की सेवा उस इबादत को पूरा करती है। इसी वजह से इस महीने में जकात, सदका और फित्रा जैसे काम समाज में बराबरी और हमदर्दी का माहौल बनाते हैं। इसी मुकद्दस महीने में कुरआन शरीफ नाजिल हुआ, जो पूरी इंसानियत के लिए हिदायत, अमन और भाईचारे का संदेश देता है। इसका उद्देश्य है कि इंसान अपने अंदर अच्छाई पैदा करे और दूसरों के लिए आसानी का जरिया बने। रमजान का असली मकसद यह है कि हम अपने चरित्र को बेहतर बनाएं, झूठ, नफरत और अन्याय से दूर रहें, और हर इंसान चाहे वह किसी भी धर्म या समुदाय से हो उसके साथ भलाई और हमदर्दी का व्यवहार करें। आज जब दुनिया में तनाव और दूरियां बढ़ रही हैं, रमजान हमें मोहब्बत, सब्र और आपसी सम्मान का रास्ता दिखाता है। इस पवित्र महीने में हम संकल्प लें कि अपनी इबादतों को सच्चाई और निष्ठा के साथ अदा करेंगे और इंसानियत की सेवा को अपना नैतिक और धार्मिक कर्तव्य समझेंगे, ताकि समाज में अमन, भाईचारा और एकता को मजबूती मिल सके।

# काशीरामपुर में बढ़ती कैंसर की बीमारी की जांच को पहुंची टीम

## गांव में लगे सरकारी हैंडपंपों से पानी की जांच को सैंपल लिये

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में गंभीर बीमारी कैंसर से जूझ रहे लोगों के परिजनों से प्रशासन की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर मुलाकात कर पूरी जानकारी ली। काशीरामपुर में गांव किनारे तालाब में जमा हुआ गंदा पानी कई बीमारियों को दावत दे रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में पिछले कई साल में पच्चीस लोगों की कैंसर से मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग अभी भी इस बीमारी से जूझ रहे है। बुधवार को जांच करने पहुंची टीम ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर जानकारी की। एडीओ कृषि विकास कुमार, लेखपाल अजब सिंह सैनी, सचिव महेश कुमार ने गांव पहुंचकर कैंसर बीमारी से जूझ रहे धीर सिंह पुत्र रामल, इरफान पुत्र रशीद, संतोष पत्नी जयप्रकाश, मुमताज पत्नी सलीम, जगवती पत्नी हरि प्रकाश, इलमा पत्नी कलवा का हालचाल जाना तथा उनके परिजनों से वार्ता कर जानकारी ली। जल निगम के लैब टैक्नीशियन विशाल कुमार ने गांव में लगे 6 सरकारी हैंडपंपों से पानी की जांच के लिए पानी का सैंपल लिया। संसार सिंह, सुशील राठी, चंद्रशेखर, धनीराम, ताहिर, नफीस आदि ने बताया कि पिछले कई वर्षों में लगभग पच्चीस ग्रामीणों की मौत कैंसर की बीमारी के कारण हुई है, छह लोग अभी भी इस गंभीर बीमारी से जूझ रहे है। टीम ने गांव में घर घर जाकर जांच की। ग्रामीणों ने जांच के लिए पहुंची टीम को पूरी जानकारी दी।



ग्रामीणों से बीमारी के बारे में जानकारी लेती टीम।

# मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव व स्थापना दिवस कार्यक्रम

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल भागूवाला में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे स्कूल का वार्षिक उत्सव व स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ हवन पूजन के साथ किया गया, जिसमे पंडित कक्कूदत्त शर्मा ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ सभी को आहुतियां प्रदान कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी संस्कृति की पहचान है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान होता है। सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने कहा कि बच्चों को शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में पढ़ाई कर सही दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने नैतिक व्यवहार को अच्छा बनाना चाहिए और सभी का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक नौबहार सिंह एवं संचालन सोहराब हैदर जैदी ने किया। प्रधानाचार्य भवनाथ सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर शालिनी भारती, इरम शा, प्रियंका रानी आदि स्कूल स्टाफ व क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जीएसटी अधिकारियों ने व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन के बारे में दी जानकारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन स्थित नवाब नजीबुद्दौला मार्केट का दौरा कर सभी व्यापारियों से अपना जीएसटी मे रजिस्ट्रेशन कराने व जिन व्यापारियों का रजिस्ट्रेशन है, उनसे अपने प्रतिष्ठानों के बाहर बोर्ड पर रजिस्ट्रेशन नम्बर लिखने की बात कही। इस मौके पर नवाब नजीबुद्दौला शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने जीएसटी अधिकारियों से वार्ता कर उनके सामने व्यापारियों की जीएसटी से संबंधित समस्याएं रखी। मौ. राशिद, राजेंद्र, शानू, ताजीम भूरे आदि व्यापारी मौजूद रहे।



जीएसटी अधिकारियों से वार्ता करते व्यापारी।



# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कक्षा आठ के विद्यार्थियों को विदाई दी

नजीबाबाद (चिंगारी)। बाल सदन मोंटेसरी स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा-7 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा-8 के छात्र-छात्राओं को विदाई स्वरूप फोटो लगे गिफ्ट भेंट करके उन्हें कॉलेज में प्रवेश लेने व उत्तरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 7 के छात्र-छात्रों तानिका, मोहम्मद वाइज व कुमारी उजैफा ने मिलकर किया। प्रधानाचार्य किरण बाला ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता उत्पन्न होती है तथा सबके समक्ष प्रस्तुतीकरण से उनका साहस भी बढ़ता है। प्रबंधक डॉ. एसके जौहर ने कहा कि विदाई समारोह केवल मात्र एक रस्म नहीं है,



बल्कि संस्कारों की वह महत्वपूर्ण कड़ी है जिसमें बच्चों को अपने वरिष्ठ जनों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने की प्रेरणा दी जाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिक्षिकाओं के निर्देशन में बच्चों ने आधुनिक व शास्त्रीय संगीत पर आधारित गीत व नृत्य प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य किरण बाला द्वारा पूछे गए प्रश्नों के आधार पर कक्षा 8 की छात्र-छात्राओं में से छात्र अरहम का मिस्टर बाल सदन व कक्षा 8 की ही छात्रा आसना का मिस बाल सदन के रूप में चयन किया गया। प्रधानाध्यापिका किरण बाला ने मिस बाल सदन के सिर पर ताज पहनाया। प्रबंधन ने मिस्टर बाल सदन को पटका पहनाकर व सम्मान प्रतीक दिए। शिक्षिकाओं ने भी विदाई ले रही कक्षा 8 की छात्र-छात्राओं के साथ गीत व नृत्य प्रस्तुत किये। इस अवसर पर मैडम अंजना, रीना अग्रवाल, पूजा शर्मा, दुर्गा भारद्वाज, कंचन शर्मा, प्रतिभा राजपूत, अंशु शर्मा, आकांक्षा अग्रवाल, अंशु, भावना, शिवानी रावत, रोशनी, शहाना, जमर, दीपा, नेहा, रिंकी, शोभा, मोहित आदि उपस्थित रहे।

# फाइनेंशियल फ्रॉड व उससे बचने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी



नजीबाबाद (चिंगारी)। एनआईजीसी के प्रबंधन विभाग द्वारा नोलीज ग्रोथ फाउंडेशन के तत्वावधान में फाइनेंशियल लिटरेसी अवेयरनेस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. उज्जवल कुमार टांक ने किया। कार्यशाला का शुभारम्भ प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान एवं प्राचार्या डॉ. नीलावती द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर किया गया। नोलीज ग्रोथ फाउंडेशन की ओर से वित्त विशेषज्ञ आलोक कुमार द्वारा फाइनेंशियल फ्रॉड एवं उससे बचने के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिसमे संस्थान के समस्त प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओ व विभिन्न कोर्सेज में अध्यनरत छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य फाइनेंशियल फ्रॉड एवं उससे बचने के उपायों से अवगत करना रहा। कार्यशाला में इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्षो ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक इंजिनियर अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रशिक्षकों का धन्यवाद कर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यशाला कोऑर्डिनेटर डॉ. उज्जवल टांक, डॉ. रविराज सिंह, एमएम अंसारी, मिस रिया सिंह, वैभव जैन, आशीष भटनागर व कमल कुमार आदि का योगदान रहा।

# प्रदेश में 2027 में बसपा की सरकार बनेगी: डीपी सिंह रवि

## बहुजन वालंटियर फोर्स के विधानसभा संयोजक बने नरेंद्र कुमार रवि

नजीबाबाद (चिंगारी)। बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक नंदराम प्रजापति के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। बैठक में बहुजन समाज पार्टी के संगठन को मजबूत करने की रणनीति बनाई गई। प्रदेश में 2027 के विधान सभा चुनाव में सरकार बनाने का पूरा प्रयास करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बहुजन वालंटियर फोर्स के विधानसभा क्षेत्र संयोजक नरेंद्र कुमार रवि को बनाया गया। बामसेफ के विधानसभा अध्यक्ष जसवंत सिंह (रिटायर्ड सीबीआई) को बनाया गया। इन दोनों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में डीपी सिंह मुख्य मंडल प्रभारी एवं विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष रोहिताश शामिल रहे। समस्त विधानसभा नजीबाबाद के पदाधिकारीयो की टीम ए व बी टीम बनाकर 20-20 सेक्टर में विधानसभा की सेक्टर एवं बूथ कमेटी का कार्य दुरुस्त करने के साथ बहन कुमारी मायावती के चार बार के शासन में किए गए जनहित के विकास कार्यों को जनता के बीच जाकर बताने की जिम्मेदारी दी गई। विधानसभा अध्यक्ष सुरेश कुमार रवि की अध्यक्षता एवं विधानसभा महासचिव डॉ. कलवा सिंह विश्वकर्मा के संचालन में बैठक में विजेंद्र सिंह कश्यप, नंदराम प्रजापति, सुरेंद्र सिंह, सुरेश कुमार रवि, नरेंद्र कुमार रवि, जसवंत सिंह, डॉ. कलवा सिंह विश्वकर्मा, इफ्तिखार उर्फ भूरे, अशोक कुमार, डॉ. राकेश सिंह, मोहित प्रजापति आदि उपस्थित रहे।




## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर

OFFICE OF THE SUPERINTENDENT OF POLICE DISTRICT BIJNOR

दूरभाष/फैक्स : 01342-262026/261071 ईमेल: spbjr_up@nic.in

पत्रांक : भ-49/2025 दिनांक : 19 फरवरी, 2026

**सूचना**

कृपया अवगत कराना है जनपद बिजनौर के निम्न अनावासीय भवनों के मरम्मत कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाइन (https://etender.up.nic.in)के माध्यम से दिनांक 12.02.2026 से 17.02.2026 तक कार्यो की खुली निविदा आमंत्रित की गयी थी, किन्तु अपेक्षानुसार प्रथम बार में 03 निविदायें प्राप्त न होने के कारण निम्न कार्य हेतु इच्छुक निविदादाताओं से पुन: ऑनलाइन (https://etender.up.nic.in) के माध्यम से दिनांक 21.02.2026 से दिनांक 26.02.2026 तक खुली ई-निविदा आमंत्रित की जायेंगी। निविदा से संबंधित समस्त शर्तें (https://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध हैं, जहां से अवलोकन किया जा सकता है।

| क्रम. सं. | कार्य का नाम | लागत (हजार में) |
|---|---|---|
| 1. | प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन बिजनौर आवास के टॉयलेट की छत के ऊपर बिक्रोवा का कार्य। | 16,636/- |

पुलिस अधीक्षक
बिजनौर


# झूठी एफआईआर पर होगी कार्रवाई थानों पर लगेंगे चेतावनी बोर्ड

नजीबाबाद (चिंगारी)। झूठी शिकायत व झूठी एफआईआर दर्ज कराने वालों के विरुद्ध 'कार्रवाई चेतावनी' के बोर्ड थानों में लगाए जाने के संबंध पुलिस-प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे एक शिकायती पत्र में अवगत कराया था कि वर्तमान में झूठी शिकायतों, झूठी एफआईआर व सोशल मीडिया पर झूठ लिखने का प्रचलन दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। आरटीआई कार्यकर्ता ने इस संबंध में झूठी शिकायत पर प्रत्येक थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के बोर्ड लगाए जाने की मांग की थी। ताकि आमजन को अपने अधिकार पता चल सके क्योंकि वर्तमान मे झूठी शिकायत, झूठे आरोप-प्रत्यारोप लगाने वाले बाज नहीं आ रहे है। ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई आवश्यक है। इस संबंध में कानूनी विशेषज्ञों को भी पत्र लिखा गया था, जिसके परिपेक्ष्य मे शासन द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय को लिखा गया है। उधर सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय ने भी सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है, ताकि विभिन्न राज्यों के विभिन्न थानो में भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के बोर्ड लगा सके, आमजन को पता चल सके कि झूठी एफआईआर पर क्या कार्रवाई की जा सकती है। इस पर सख्त कार्रवाई से आधी समस्या का समाधान देश मे हो जाएगा।




# मौसम में आ रहा उतार-चढ़ाव लोगों की सेहत हो रही खराब



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मौसम ने हो रहे उतार-चढ़ाव से लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। दिन में तेज धूप और रात में ठंड के चलते स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एक तरह से मौसम का डबल अटैक हो रहा है। जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है।

पिछले एक सप्ताह से मौसम के मिजाज में बदलाव देखा जा रहा है। दिन में धूप इतनी कड़ी होती है कि बाहर बैठना मुश्किल हो जाता है। दिन छिपते ही ठंड हो जाती है। तड़के में तापमान काफी कम रहता है। सुबह को भी ठंड का असर होता है। दो दिन पहले घना कोहरा भी आ चुका है। आज सुबह आसमान में बादल थे, लेकिन बाद में तेज धूप निकल आई।

मौसम के इस बदलाव के चलते बुखार, जुकाम, खांसी, गले में खराश, शरीर में कमजोरी और उल्टी-दस्त की शिकायते हो रही हैं। मेडिकल अस्पताल में मरीजों की तादाद में इजाफा हुआ है। निजी अस्पतालों में भी भीड़ बढ़ गई है। चिकित्सकों के अनुसार मरीजों को तेज बुखार के साथ गले में संक्रमण, सूखी खांसी और अत्याधिक कमजोरी की शिकायत हो रही है।

## लापरवाही पड़ सकती है भारी

**मौसम में आ रहे परिवर्तन को देखते हुए चिकित्सकों ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। कहा है कि इस मौसम में लापरवाही भारी पड़ सकती है। सुबह और शाम घर से निकलते समय गर्म कपड़े अवश्य पहनें। ठंडे पेय पदार्थों से परहेज करें। गुनगुने पानी का सेवन करें। चिकित्सक की सलाह के बिना मेडिसन न लें।**

# पत्रकार मधुसूदन आनंद का निधन

**नजीबाबाद के मूल निवासी थे**



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मूल रूप से नजीबाबाद निवासी, नवभारत टाइम्स दिल्ली के संपादक रहे मधुसूदन आनंद का गत रात्रि दिल्ली में निधन हो गया, जिससे उनके परिजनों तथा मित्रों व पत्रकारिता जगत में शोक व्याप्त हो गया। टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप में एकाउंट सेक्शन से करियर की शुरूआत करने वाले मधुसूदन आनंद ने बाद में पत्रकारिता के क्षेत्र में पदार्पण किया और नवभारत टाइम्स के संपादक पद तक पहुंचे। उसके बाद लम्बे समय तक भारतीय ज्ञानपीठ के निदेशक रहे। बहुआयामी प्रतिभा के धनी मधुसूदन आनंद के लेखन और चिंतन में गहराई थी। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में दिखावे को कभी कोई महत्व नहीं दिया। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।



# अधिकारियों ने की मदरसे की जांच

**बिजनौर ( चिंगारी )। डिप्टी कलेक्टर श्री नितिन कुमार एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री जागेश्वर सिंह ने मदरसा अनवारूल उलूम मौहल्ला पटवारियान स्योहारा की जांच की। दोनों अधिकारियों द्वारा मदरसे में पहुंच कर कागजों और व्यवस्थाओं आदि की गई।**


# शतरंज की बिसात पर रहा बिजनौर का दबदबा

## बालक और बालिका दोनों टीम बनीं मंडलीय चैंपियन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चंदौसी (जनपद संभल) में 17 फरवरी को आयोजित मुरादाबाद मंडल की मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बिजनौर जनपद की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बिजनौर की बालक वर्ग की टीम में स्वर्णिम चौधरी, प्रिंस कुमार, दीपक कुमार, वंश कुमार एवं कार्तिक शामिल थे। सभी खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर टीम को विजेता बनाया। वहीं बालिका वर्ग की टीम में मिताली, मुस्कान, आफरीन, अर्चना और कशिश ने बेहतरीन रणनीति और आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। अब ये दोनों टीमें राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर मुरादाबाद मण्डल का प्रतिनिधित्व करेंगी। बिजनौर डिस्ट्रिक्ट चैस एसोसिएशन के सचिव दुष्यंत कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों की मेहनत और नियमित अभ्यास का ही यह परिणाम है। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



# शिक्षा और स्वास्थ्य सबको सुलभ होना चाहिए- मोहन भागवत



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि शिक्षा और स्वास्थ्य मूलभूत आवश्यकता है। यह व्यवसाय नहीं हो सकते। शिक्षा और स्वास्थ्य सबके लिए सुलभ होने चाहिए। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित शोधार्थी संवाद कार्यक्रम में कहा कि पश्चिम के लोगों ने शिक्षा के साथ खिलवाड़ किया। हमारी शिक्षा व्यवस्था हटाकर अपनी थोपी। जिससे उन्हें काम करने के लिए काले अंग्रेज मिल जाएं। अंग्रेजों ने जो बिगाड़ा उसको ठीक करना होगा।

# राशन की दुकान में 8 दिन बाद फिर चोरी की वारदात

**किरतपुर ( चिंगारी )।** राशन की दुकान में चोरों द्वारा 8 दिन के बाद दोबारा चोरी हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय मोहल्ला मिर्जापुर में कांति शर्मा की राशन की दुकान है। आज सुबह शर्मा ने दुकान खोली तो दुकान की खिड़की टूटी मिली और दुकान में रखे गेहूं की दो बोरी में से लगभग 30 किलो गेहूं निकला मिला। सूचना मिलने पर दरोगा गौरव मलिक दुकान पर पहुंचे और आवश्यक जानकारी ली। ज्ञात हो की 8 दिन पूर्व इसी दुकान के अंदर आग लगाने की कोशिश की थी, जिससे किवाड़ व एक कुर्सी जल गई। लगता है कोई असामाजिक तत्व दुकानदार को परेशान करने की कोशिश कर रहा है, जबकि राशन डीलर व्यवहार कुशल व्यक्ति हैं। शर्मा ने चिंगारी को बताया कि मेरी किसी से कोई रंजिश नहीं है।

# मासूम बच्चे की कैंसर से मौत

**पैजानिया ( चिंगारी )। अम्हेड़ा निवासी वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सज्जन मलिक के पौत्र मोहम्मद अबान पुत्र डा. अखलद ( उम्र 14 माह ) का रात इन्तेकाल हो गया। मौ. अबान जन्म से कैंसर से पीड़ित था, जिसका इलाज कई जगह से चल रहा था। उसको बचाने की लाख कोशिश की जा रही थी, लेकिन बीमारी भी हार मान लेने को तैयार नहीं थी। काफी कोशिशों के बाद भी बच्चे को कोई लाभ नहीं हुआ और बुधवार की रात बच्चे ने गोद में दम तोड़ दिया। बच्चे के समय से पहले चले जाने से परिवार में गम का माहौल हो गया। चिंगारी परिवार बच्चे की मगफिरत और परिवार को सब्र देने की प्रार्थना करता है।**

# धूमधाम से मनाया गया एच.एम. इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव

**पैजनिया ( चिंगारी )।** नहटौर-चांदपुर मार्ग स्थित एचएम पब्लिक इंटर कॉलेज जमालपुर महमदाबाद का वार्षिक सांस्कृतिक समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कोरियोग्राफर रोमियो मयूर के निर्देशन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभावी रूप में प्रस्तुत किए गए। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को उपस्थित समूह ने तालियों की सामूहिक गड़गड़ाहट के बीच बेहद सराहा। कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहम्मद जकी के संरक्षण तथा राजा का ताजपुर निवासी जनपद के प्रसिद्ध मंच संचालक शुभम वालिया एवं विद्यालय की कोऑर्डिनेटर अरीबा विसाल के संयुक्त संचालन में आयोजित इस भव्य वार्षिक सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ सामूहिक वंदना से किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए देशभक्ति से परिपूर्ण प्रत्येक कार्यक्रम को उपस्थित समूह ने कोरियोग्राफर रोमियो मयूर द्वारा प्रस्तुत किए गए नृत्य को भी बेहद सराहा गया। पापा तुम कहां गए प्रस्तुति के मार्मिक चित्रण ने कार्यक्रम स्थल को बोझिल सा बना दिया। इसके अतिरिक्त हर करम अपना करेंगे, ऐ वतन तेरे लिए की प्रस्तुति में मां बेटी द्वारा की गई प्रस्तुति ने उपस्थित समूह को झकझोर दिया। वार्षिक सांस्कृतिक समारोह को ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व सफलता दिलाने में कोऑर्डिनेटर अरीबा विसाल, नेहा त्यागी, लायबा नूर, रमीज, वंदना तथा चंद्रभान सिंह आदि सहित समूचे स्टाफ का योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहम्मद जकी ने बताया कि उनके विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य एवं लक्ष्य बच्चों को प्रभावी रूप में शिक्षा अर्जित कराना तथा उन्हें अनेक प्रकार की उपलब्धियां दिलाते हुए उनको प्रगति और उन्नति के पथ पर अग्रसर रखना है।





## राशिफल

विमल जैन
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 20 फरवरी 2026**

मेष- परिस्थितियां भाग्य के पक्ष में, किसी पुराने विवाद का समापन, घरेलू वातावरण, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, दूर-समीप की यात्रा का प्रसंग, विशिष्टजनों से सम्पर्क।

वृषभ- किसी योजना की शुरुआत, पारिवारिक कठिनाइयों का निवारण, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोबल में वृद्धि, खुशी भी।

मिथुन- सामयिक कार्यों में सफलता, धनागम का सुयोग, राजनीतिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, शारीरिक सुख की अनुभूति, मानसिक राहत, स्वजनों से विचार-विमर्श।

कर्क- कठिनाइयों से चिन्ता, प्रगति में व्यवधान, मित्रों से अनबन, शत्रु हानि पहुँचाने में सफल, पठन-पाठन में अरुचि, व्यवहार में जरा सी लापरवाही नुकसान।

सिंह- सामयिक सिद्धि हेतु प्रयत्नशील, बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक कठिनाइयों का निराकरण, धन संचय की ओर अभिरुचि, संत समागम।

कन्या- दिनमान अनुकूल, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना का श्रीगणेश, निजी जिन्दगी में महत्वपूर्ण उपलब्धि, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, मानसिक राहत।

तुला- ग्रहयोग स्थिति भाग्य के पक्ष में, साहसिक प्रयास प्रगति पर, कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, आत्मीयजनों से अपेक्षित सहयोग, दूर या समीप की यात्रा।

वृश्चिक- कठिनाइयों से अशांति, निजी इच्छा की पूर्ति में व्यवधान, धन का अभाव, सुपरिचितों से मतभेद, अप्रिय घटना घटित, सुख के साधन में कमी, कष्ट भी।

धनु- समय संतोषजनक, लाभ का मार्ग प्रशस्त, शुभ-भावनाओं का उदय, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मकर- ग्रहयोग बेहतर, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, परोपकार की भावना जागृत, धन की प्राप्ति, नौकरी में पदोन्नति, विरोधी परास्त, यात्रा संतोषजनक।

कुम्भ- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, सुसमाचार की प्राप्ति, राजकीय पक्ष से लाभान्वित।

मीन- दिनचर्या अव्यवस्थित, पठन-पाठन में अरुचि, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, जोखिम से नुकसान, वाहन से कष्ट, जिम्मेदारियों को निभाने में मुश्किलें, धनहानि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# भारत ने नीदरलैंड्स को 17 रनों से हराया



**अहमदाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** शिवम दुबे (66 रन/दो विकेट) और वरूण चक्रवर्ती (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के 36वें मुकाबले में नीदरलैंड्स को 17 रनों से शिकस्त दी।

भारत की यह टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत है। शिवम दुबे को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

भारत सुपर-8 में 22 फरवरी को अपना पहला मुकाबला इसी मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगा। 194 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स के लिए माइकल लेविट और मैक्स ओडाउड की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 35 रन जोड़े। छठे ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने मैक्स ओ डाउड 18 गेंदों में 20 रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। आठवें ओवर में हार्दिक पंड्या ने माइकल लेविट (24) को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। 13वें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने कॉलिन ऐकरमैन 15 गेंदों में (23) और आर्यन दत्त (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अगले ओवर में शिवम दुबे ने बास डे लीड 23 गेंदों में (33) को आउटकर नीदरलैंड्स को पांचवां झटका दिया। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (15) को बुमराह ने बोल्ड किया। शिवम दुबे ने 20वें ओवर की चौथी गेंद पर जैक लायन 16 गेंदों में (26) रन को आउटकर अपना दूसरा विकेट लिया। नीदरलैंड्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 176 रन ही बना सकी और 17 रनों से मुकाबला हार गई। नोवा क्रोस 12 गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए वरूण चक्रवर्ती ने तीन और शिवम दुबे ने दो विकेट लिये। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले यहां भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर अभिषेक शर्मा (शून्य) का विकेट गंवा दिया।

इसके बाद इशान किशन और तिलक वर्मा ने दूसरे विकेट के लिए 39 रन जोड़े। पांचवें ओवर में आर्यन दत्त ने इशान किशन को बोल्ड कर भारत को दूसरा झटका दिया। इशान किशन ने सात गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 18 रन बनाये। भारत का तीसरा विकेट तिलक वर्मा के रूप में नौवें ओवर में गिरा। तिलक वर्मा ने 27 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 31 रन बनाये। 14वें ओवर में कप्तान सूर्यकुमार यादव आउट हुये। सूर्यकुमार यादव ने 28 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 34 रनों की पारी खेली। 20वें ओवर में बाउंड्री पर शिवम दुबे कैच आउट हुये। शिवम दुबे ने 31 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए 66 रनों की पारी खेली। भारत ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 193 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

## तुम्हें जिंदा जला देंगे... बुर्के में कांवड़ लाने वाली तमन्ना और पति को मिली धमकी

**संभल (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में महाशिवरात्रि पर बुर्का पहनकर जलाभिषेक करने वाली तमन्ना मलिक और उनके पति अमन त्यागी को कथित तौर पर धमकियां मिली हैं। दंपति ने इस संबंध में असमोली थाने में पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है और सुरक्षा की मांग की है। बताया जा रहा है कि तमन्ना मलिक असमोली थाना क्षेत्र के बदनपुर बसेई गांव की रहने वाली है। हाल ही में बुर्का पहनकर कांवड़ लेकर आई थी। इसके बाद महाशिवरात्रि के अवसर पर संभल स्थित क्षेमनाथ तीर्थ पर अपने पति अमन त्यागी के साथ बुर्का पहनकर ही जलाभिषेक किया था। तमन्ना मलिक और उनके पति अमन त्यागी ने असमोली थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उन्हें कट्टरपंथी लोगों की ओर से जान से मारने और जिंदा जलाने की धमकियां दी जा रही हैं।

उनका कहना है कि सोशल मीडिया पर धमकी भरे वीडियो भी डाले गए हैं, जिनके जरिए उन्हें डराने की कोशिश की जा रही है। तमन्ना मलिक ने परिवार की सुरक्षा का हवाला देते हुए पुलिस से एफआईआर दर्ज करने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें और उनके परिवार को खतरा है, इसलिए सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। फिलहाल असमोली थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर तथ्यों की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बुर्का पहनकर हरिद्वार से कांवड़ लेकर आने के बाद तमन्ना ने बताया कि 'हर-हर महादेव' के उद्घोष के बीच कहा कि उन्होंने भगवान से एक मनोकामना मांगी थी, जो पूरी हो गई, इसलिए उन्होंने कांवड़ लाने का संकल्प निभाया।



## वाह! खुद की गाड़ी में ही चलेंगे प्रधानमंत्री रहमान

**ढाका (एजेंसी/चिंगारी)।** बंगलादेश के नवनियुक्त प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने सादगी और जनसुविधा की मिसाल पेश करते हुए सरकारी वाहन के बजाय अपने निजी वाहन का उपयोग करने का अनोखा फैसला लिया है। उनकी पार्टी बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की मीडिया सेल के सदस्य अतीकुर्रहमान रुमोन ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार श्री रुमोन ने बताया कि प्रधानमंत्री अपनी निजी टोयोटा कार, निजी ड्राइवर और अपने खर्च पर खरीदे गए ईंधन का उपयोग करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के लिए आवंटित किसी भी आधिकारिक सरकारी वाहन का उपयोग न करने का फैसला किया है। बुधवार को प्रधानमंत्री ने अपने इसी वाहन से सावर और शेर-ए-बांग्ला नगर का दौरा किया और बाद में सचिवालय पहुंचे। आम जनता को होने वाली असुविधा और यातायात की भीड़ को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या को भी सीमित करने का आदेश दिया है। श्री रुमोन ने बताया, पहले प्रधानमंत्री के काफिले में 13 या 14 वाहन होते थे, लेकिन आज इसे घटाकर केवल चार कर दिया गया है। शपथ ग्रहण के बाद अपने पहले कार्यदिवस पर प्रधानमंत्री ने बिना राष्ट्रीय ध्वज वाले वाहन का उपयोग किया। हालांकि, यह स्पष्ट किया गया है कि राजकीय समारोहों या विदेशी गणमान्य व्यक्तियों की यात्रा के दौरान उनके वाहन पर राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग किया जाएगा।


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट


सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


# अफ़ज़लगढ़ में नहीं है खेल का मैदान खिलाड़ियों को कैसे मिले प्रोत्साहन ?

## खेल प्रेमी चाहते हैं समस्या का समाधान


नकलेश चौहान


कुलदीप कुमार


त्रिलोचन सिंह बेदी


सरदार सतवीर सिंह

**अफ़ज़लगढ़ (चिंगारी)।** नगर में खेल मैदान के अभाव ने युवाओं और खेल प्रेमियों, विशेषकर क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच गहरी निराशा पैदा कर दी है। वर्षों तक राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज का मैदान स्थानीय खिलाड़ियों के लिए खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा, जहां सुबह-शाम यहां युवाओं की चहल-पहल रहती थी और कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने इसी मैदान से अपनी खेल यात्रा की शुरुआत की थी। लेकिन कॉलेज परिसर में नये भवन निर्माण के बाद मैदान लगभग समाप्त हो गया है। जिससे नगर में सार्वजनिक खेल मैदान का संकट खड़ा हो गया है। अब खिलाड़ी मजबूरन सड़कों और खाली पड़े प्लॉटों पर अभ्यास कर रहे हैं, जो न तो सुरक्षित है और न ही खेल के अनुकूल। इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। मोहल्ला मझौली निवासी नकलेस चौहान ने कहा कि खेल मैदान के अभाव में बच्चों और युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र वैकल्पिक मैदान उपलब्ध कराने की मांग की। क्रिकेट प्रेमी त्रिलोचन सिंह बेदी ने कहा कि खेल मैदान केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और फिटनेस का आधार होता है। मैदान के अभाव में नई पीढ़ी की प्रतिभाएं निखरने से पहले ही दब रही हैं, जो अत्यंत चिंता का विषय है। वहीं नगर के मोहल्ला गौहर अली खान निवासी कुलदीप कुमार का कहना है कि यदि समय रहते मैदान की व्यवस्था नहीं की गई तो युवा गलत गतिविधियों की ओर भी भटक सकते हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर संवेदनशीलता दिखाते हुए स्थायी समाधान निकालने की अपील की। इसी क्रम में नगर निवासी सरदार सतवीर सिंह ने भी चिंता जताते हुए कहा कि किसी भी नगर की पहचान वहां की खेल सुविधाओं से होती है। यदि युवाओं को उचित मंच और संसाधन नहीं मिलेंगे तो उनकी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में नहीं लग पाएगी।

# शिक्षकों का नहीं होने देंगे उत्पीड़न : भूपेंद्र चौहान

## टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ आंदोलन रहेगा जारी



**नगीना (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विकास क्षेत्र कोतवाली देहात की समीक्षा बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया गया। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ आंदोलन को तेज करने पर जोर दिया। पुरैनी स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए संगठन प्रयासरत है। संगठन के सभी पदाधिकारी को सक्रिय रहने की जरूरत है। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षक हितों की लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष गर्वित चौधरी ने संगठन द्वारा किए गए कार्य पर विस्तार से चर्चा की। जिला उपाध्यक्ष कामेंद्र सिंह टिकैत ने कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा जारी की गई आंदोलन रणनीति के अनुसार ही संगठन को चलना होगा। शिक्षिका श्रीमती मीनाक्षी मलिक, श्रीमती किरण रानी, श्रीमती अंशुल आर्य ने विकास क्षेत्र कार्यकारिणी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा ने शिक्षकों के चयन वेतनमान का लाभ समय पर दिलवाने के लिए संगठन की सराहना की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष गर्वित चौधरी, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, अनंत शर्मा, मनजीत ठाकराल, अजय कुंडलिया, नवनीत चौहान, रविंद्र कुमार, मनोज कुमार, उमेश राजपूत, संजीव शर्मा, लोकेश कुमार, पराग बालियां, युधिष्ठिर चौहान, रेखा रानी, प्रदीप शर्मा, जितेंद्र सिंह, विवेक कुमार, हेमलता, नीलम रानी, श्रीमती मीनाक्षी, लोकेश सिंह, मोहम्मद दानिश, नरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार वर्मा, तरुण प्रताप सिंह, चांद कुमार मेहरोत्रा, बिजेंद्र सिंह आदि ने भी विचार रखे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी


# आज से शुरू हुआ माह-ए-रमज़ान, इबादत में मशगूल हुये मुसलमान



**नांगल सोती (चिंगारी)।** आज से मुकद्दस रमजान माह की शुरुआत हो गई है। सहरी खाकर आज मुस्लिमों ने पहला रोज़ा रखा और दिन में अधिकांश समय अल्लाह की इबादत की। मुस्लिमों के लिये बेहद खास अहमियत रखने वाला माह-ए-रमज़ान आज से शुरू हो गया है। बीती रात्रि मस्जिदों में तरावीह पढ़ी गई। सहरी खाकर आज अपना पहला रोज़ा रखा। रमजान शुरू होते ही मस्जिदों में नमाजियों की संख्या बढ़ गई है। रोजेदारों ने आज अपना ज्यादातर समय अल्लाह की इबादत में गुजारा। माह-ए-रमज़ान को मुस्लिम अल्लाह की रहमत और बरकत का महीना मानते हैं। मुस्लिमों का कहना है कि इस्लाम को मानने वाले हर एक सेहतमंद व्यक्ति के लिये रोज़ा रखना फर्ज है। यदि रमजान का महीना 29 दिनों का हुआ, तो 20 मार्च को ईद-उल-फित्र का त्यौहार मनाया जायेगा, अन्यथा 21 मार्च को ईद होगी।

**फलों के दाम बढ़े :- माह-ए-रमज़ान शुरू होते ही फलों के दामों में और वृद्धि हो गई है। हाल ही में सम्पन्न हुई फाल्गुन की कांवड़ यात्रा के मद्देनजर फलों के दाम पहले से ही ऊपर चढ़े हुए थे, जबकि रमज़ान शुरू होते ही फलों के दाम और बढ़ गये हैं। पहले से ही महंगी चल रही खजूर और महंगी हो गई है।**

# शबाब मैनाठेरी को श्रद्धांजलि अर्पित की


फाइल फोटो

**मुरादाबाद (चिंगारी)।** 'काव्यसुधा मंच' साहित्यिक संस्था के वरिष्ठ शायर शबाबुल हसन साहब का गत दिनों अपने आवास ग्राम मैनाठेर में 73 वर्ष की उम्र में इंतकाल हो गया। वे शहर मुरादाबाद के नामी-गिरामी साहित्यकारों और शायरों में थे और लंबे समय से बीमारी से त्रस्त थे। वे अपने पीछे अपनी तीन बेटियां और दो पुत्र छोड़ गए हैं। वे मुरादाबाद न्यायालय में पेशकार थे और 12 वर्ष पहले उनकी सेवा निवृति हो चुकी थी। वे राष्ट्रीय स्तर के शायर थे और हिंदी में भी उन्होंने अपनी रचनाएं लिखी थीं। उनके जाने से हिंदी और उर्दू भाषा को बड़ा नुकसान हुआ है। उनकी रचनाएं राष्ट्रीय स्तर की अनेक पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं। काव्य सुधा मंच ने एक श्रद्धांजलि गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें श्री रघुराज सिंह निश्चल ने उनका परिचय देते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजली दी। इसी क्रम में डा. महेश 'दिवाकर', श्री वीरेंद्र सिंह 'बृजवासी', प्रो. कैप्टन राजीव चौहान, मौ. याकूब हुसैन 'राज', ओंकार सिंह 'ओंकार', राम सिंह 'निशंक', जहीर 'राही', ताज भोजपुरी, डा. मीनाक्षी ठाकुर, सरफराज हुसैन 'फराज', शायर मुरादाबादी, आकाश वर्मा, विकास वर्मा, अब्दुल हामिद तारिक, वानी सिफ्फाई, नातिक सिफ्फाई, तालिब हामिद, नौशाद 'अनगढ़' आदि शायरों और साहित्यकारों ने अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कमलेश भुईयार को एसआईआर नोटिस : जनप्रतिनिधि की पहचान ही संदिग्ध तो आम मतदाता का क्या होगा?

**बिजनौर (चिंगारी)।** नहटौर विधानसभा क्षेत्र की सक्रिय राजनीतिज्ञ कमलेश भुईयार को हाल ही में मतदाता सत्यापन अभियान (S.I.R.-Special Intensive Revision) के तहत एक नोटिस जारी हुआ। नोटिस का आधार था- उनके माता-पिता और उनकी आयु में 15 वर्ष से कम का अंतर। मामला यहीं तक सीमित नहीं है। बताया जा रहा है कि यह आपत्ति उस एसआईआर फार्म से निकाली गई जो उन्होंने नवंबर से चल रहे सत्यापन अभियान के दौरान जमा किया था। जबकि कमलेश भुईयार वर्ष 2003 की मतदाता सूची में पहले से दर्ज मतदाता हैं और उस सूची में उनके पति का नाम दर्ज था, माता-पिता का नहीं। उन्होंने कमलेश भुईयार का सार्वजनिक जीवन नया नहीं है। वर्ष 2000 जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीता। इसके बाद जला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ा। वर्ष 2005 पुन: जिला पंचायत चुनाव जीता। वर्ष 2007 नजीबाबाद विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ा। इन सभी चुनावों में नामांकन, शपथ-पत्र, आयु प्रमाण, पहचान प्रमाण और निर्वाचन आयोग की जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। उस समय कोई आपत्ति नहीं उठी। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि एक प्रतिनिधि, जो 20 साल से अधिक समय से चुनाव लड़ रही है, बार-बार सरकारी जांचों से गुजर चुकी है, उसकी पहचान आज साफ्टवेयर की रिलेशन मैपिंग में उलझ सकती है- तो आम मतदाता की स्थित क्या होगी? क्या सिस्टम रिश्ते पहचानने में सक्षम नहीं? क्या डेटा एंट्री की गलत को नागरिक की गलती मान लिया जाएगा? सरकार खुद को डिजिटल और आईटी-समक्ष शासन बताती है, लेकिन जो साफ्टवेयर पति और पिता के संबंध में फर्क न कर सके, वह मतदाता सत्यापन का आधार कैसे बन सकता है?


बीएलओ को एसआईआर फार्म देते हुये कमलेश भुईयार।

# खेल प्रतियोगिताएं उत्तराखंड के उज्जवल खेल भविष्य की नई शुरुआत : धामी



**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री धामी ने ननूरखेड़ा, देहरादून में मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी 2025-26 के समापन समारोह में प्रतिभाग किया।उन्होंने देहरादून जनपद को विजेता ट्रॉफी एवं 5 लाख का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भव्य समापन केवल एक प्रतियोगिता का अंत नहीं है, बल्कि उत्तराखण्ड के उज्ज्वल खेल भविष्य की नई शुरुआत है। खेल आयोजन आज हमारे गाँव-गांव, न्याय पंचायतों और दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। उत्तराखण्ड अब देवभूमि के साथ-साथ खेलभूमि भी बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 11 करोड़ की पुरस्कार राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे खिलाड़ियों के खातों में भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज भारत खेल जगत में नई ऊँचाइयों को छू रहा है। 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया मूवमेंट' जैसे अभियानों के माध्यम से देश में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। 38वें राष्ट्रीय खेलों का सफल और भव्य आयोजन इसका सशक्त प्रमाण बना है, जिसने उत्तराखण्ड का मान पूरे देश में बढ़ाया है। इन खेलों में हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर 7वां स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड आधुनिक और विश्वस्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बना रहा है। सरकार द्वारा राज्य में Sports Legacy Plan पर कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी।खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि 23 नवम्बर 2025 से न्याय पंचायत स्तर से शुरू हुई खेल प्रतियोगिताओं का समापन 18 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी के साथ किया जा रहा है। इसमें हर खिलाड़ी और जनप्रतिनिधि को जोड़ा गया। इसमें 01 लाख 62 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 26 खेल स्पर्धाएं शामिल की गईं। इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, खेल निदेशक डॉ. आशीष चौहान, DM देहरादून सविन बंसल, CDO अभिनव शाह एवं खेल विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## खेल सम्मान भी दिये जा रहे

**मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मान देने के लिए 'उत्तराखण्ड खेल रत्न', 'द्रोणाचार्य पुरस्कार' और 'हिमालय खेल रत्न' जैसे सम्मान भी दिए जा रहे हैं, जिससे खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की मेहनत को सही पहचान मिल सके। इस वर्ष से खेल महाकुंभ तथा अन्य राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में आवेदन करने पर 4 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा।**

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान की दिली मुबारकबाद



शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
( आजाद समाज पार्टी कां. )
पूर्व चेयरमैन, झालू न.प. ( बिजनौर )
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर
पहला रोजा : जुमेरात 19 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:12, शिया 6:23
दूसरा रोज़ा : शुक्रवार, 20 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:22 शिया 5:19



शहजाद अहमद

# कोडिनयुक्त कफ सीरप मामले में तीन आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

## पूर्व में हो चुकी है अन्य तीन की जमानत निरस्त

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिना बिल के कोडिनयुक्त सीरप की खरीद-फरोख्त करने के मामले में एनडीपीएस एक्ट कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने तीन आरोपियों अरूण कुमार, अक्स उर्फ आकाश चौहान व तुषार की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

विशेष लोक अभियोजन रितेश चौहान ने बताया कि बिजनौर में तैनात औषधि निरीक्षक उमेश कुमार भारती ने कोतवाली बिजनौर में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें कहा गया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मुख्यालय लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुसार ड्रग इंस्पेक्टर ने 18 नवंबर 25 को निरीक्षण में शिव शक्ति बालाजी मेडिकोज पर कार्रवाई की।



निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मौके पर इस नाम का कोई मेडिकल दो वर्ष पहले ही बंद हो चुका है। लोक अभियोजन के जमानत का विरोध कर तर्क दिया कि आरोपी पुनीत पुत्र ओमवीर पाड्ल नहटौर, रेशब पुत्र पवन मंगोलपुरा और शिवांशु सिंह ने अपने साथियों अरूण कुमार, अक्स उर्फ आकाश चौहान व तुषार के साथ मिलकर नकली दस्तावेजों के आधार पर फर्जी मेडिकल फर्म तैयार की। इस फर्म के नाम पर भारी मात्रा में युक्त सीरप मंगाकर बिना बिलों के बिजनौर जनपद व अन्य जनपद में बेचा था। आरोपियों ने कोडिन युक्त सीरप पर गलत तरीके से जीएसटी नंबर दर्ज कर व अन्य मेडिकल फर्म का नाम डालकर सीरप की खरीदारी की गई। इस खेल में 48 हजार से ज्यादा कोडिन युक्त सीरप की खरीदारी कर अलग-अलग स्थान पर बेचा गया। अदालत ने दोनों पक्षों के जमानत तर्कों को सुनने के बाद मामला गम्भीर मानते हुये आरोपियों की जमानत निरस्त कर दी।

# कोर्ट परिसर में धमाकों की धमकी पर चला सर्च अभियान

**देहरादून ( चिंगारी )।** प्रदेश में न्यायालयों को उड़ाने की धमकियां लगातार मिल रही है। वहीं बुधवार को देहरादून जिला जज कार्यालय से सूचना प्राप्त हुई कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा ई-मेल के माध्यम से कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। सूचना का त्वरित संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशों पर मौके पर पहुँचे उच्चाधिकारियों द्वारा सर्च अभियान की कमान संभालते हुए डॉग स्क्वाड तथा बम डिस्पोजल स्क्वाड को तत्काल मौके पर बुलाया गया। मौके पर पुलिस द्वारा तत्काल कोर्ट परिसर को खाली कराते हुए डॉग स्क्वाड तथा बी.डी.एस. टीम के साथ सम्पूर्ण कोर्ट परिसर की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान टीम को किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई। इससे पहले कई न्यायलयों को बम से उड़ाने की धमकियों से प्रदेश के लोगों में यह एक चर्चा का विषय बना हुआ है और साथ डर का माहौल भी आम जन में बना हुआ है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# इलाही बख्श पब्लिक स्कूल को मिली सीबीएसई से मान्यता



**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** तालीम के मैदान में इलाही बख़्श पब्लिक स्कूल ने एक अहम संग-ए-मील हासिल करते हुए सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) नई दिल्ली से आधिकारिक मान्यता प्राप्त कर ली है, जिसके बाद पूरे इलाके और नगर में खुशी और फख्र का माहौल है। स्कूल परिसर में आयोजित पुरअसर कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक मुफ्ती इरफान कासमी ने छात्रों, असातिज़ा और मौजूद अहल-ए-शहर को मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि यह कामयाबी अल्लाह की रहमत, अवाम की दुआओं, वालिदैन के एतमाद और शिक्षक वर्ग की मुसलसल मेहनत का फल है। उन्होंने कहा कि इलाही बख़्श पब्लिक स्कूल ऐसा तालीमी इदारा है, जहां दीनीयत तालीम के साथ-साथ मयारी दुनियावी तालीम भी दी जा रही है, ताकि यहां से तालीम हासिल करने वाले बच्चे बेहतर किरदार के साथ मुल्क व समाज की खिदमत करें और अपने वालिदैन व शहर का नाम रोशन करें। मान्यता मिलने की खुशी में स्कूल में पुरजोश माहौल रहा और छात्र-छात्राओं ने असातिज़ा व मेहमानों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इज़हार किया। इस मौके पर एडमिनिस्ट्रेटर अतहर महमूद सिद्दीकी, मोहम्मद अख्तर सिद्दीकी, एडवोकेट सीताराम पिपलिया, अब्दुल शमी सैफी, कोऑर्डिनेटर मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद मुजाहिद, इसरार अहमद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। एडवोकेट सीताराम पिपलिया ने कहा कि यह मान्यता विद्यार्थियों के बेहतर मुस्तकबिल की मजबूत बुनियाद साबित होगी, जबकि मोहम्मद अख्तर सिद्दीकी ने इसे पूरे नगर के लिए फख्र का लम्हा बताया।

# रोज़े का असली मतलब सब्र



क्या रोज़े का मतलब सिर्फ भूखा-प्यासा रहना है
जवाब- नहीं!

रोज़े का असली मतलब सब्र और सहनशीलता है, सबके साथ प्यार-मोहब्बत से रहना, अल्लाह की खुशी के लिए गलत कामों से रुक जाना, झूठ न बोलना, किसी को तकलीफ न देना, हलाल और हराम में फर्क जानना।

रोज़ा इंसान को परहेज़गार बनाता है और दिल को साफ करता है। यह हमें सिखाता है कि भूख और प्यास को महसूस करके ग़रीबों और ज़रूरतमंदों का दर्द समझें।

रोज़ा सिर्फ पेट का नहीं, बल्कि आंखों, ज़ुबान और दिल का भी होता है। आंखें बुरी चीज़ों से बची रहें, ज़ुबान से सिर्फ सच और अच्छी बातें निकलें और दिल में किसी के लिए नफ़रत न हो। रमज़ान रहमत, बरकत और मग़फिरत का महीना है। इस महीने में अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास करम फरमाता है। रोज़ा इंसान की रूह को मज़बूत करता है और उसके ईमान को ताज़ा करता है। जो शख्स सच्चे दिल से रोज़ा रखता है, अल्लाह उसे बेहिसाब सवाब अता फरमाता है। इसीलिए रोज़ा सिर्फ भूखा-प्यासा रहना नहीं, बल्कि अपने आपको सुधारने और अल्लाह के करीब होने का ज़रिया है।

इसका नाम रमज़ान है।
इसे ही रोज़ा कहते हैं।

**-प्रस्तुति :**
**मिस अली**

# रेहड़ में 2 व अफजलगढ़ क्षेत्र में एक परीक्षा केंद्र पर हुआ प्रथम पारी में एग्जाम

**तीनों परीक्षा केंद्रों पर रहे कुल 82 परीक्षार्थी, 2 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित**

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** यूपी बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं की चल रही परीक्षाओं के आज दूसरे दिन प्रथम पारी में रेहड़ क्षेत्र में कुल तीन परीक्षा केंद्रों में से दो परीक्षा केंद्रों पर कुल 36 परीक्षार्थियों ने एवं अफजलगढ़ क्षेत्र के कुल 7 परीक्षा केंद्रों में से मात्र एक परीक्षा केंद्र पर कुल 48 परीक्षार्थियों ने प्रथम पारी में वैकल्पिक विषय की परीक्षा दी। रेहड़ क्षेत्र के इंटर कॉलेज सादकपुर परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक राहुल कुमार ने बताया कि यहां आज प्रथम पारी में रेडियो एवं ऑटोमोबाइल्स विषय के 31 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 29 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। राजकीय नवरत्न इंटर कॉलेज रेहड़ के केंद्र व्यवस्थापक विशंभर सिंह साहू ने बताया कि उनके यहां रेडियो एवं रंगीन टीवी विषय के तीन व ऑटोमोबाइल्स विषय के दो छात्र पंजीकृत थे, जो सभी उपस्थित रहे। उधर अफजलगढ़ क्षेत्र के कुल 7 परीक्षा केंद्रों में से मात्र बीएसए इंटर कॉलेज कादराबाद में प्रथम पारी में कंप्यूटर विषय की परीक्षा के मात्र 48 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जो सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

# हाथी ने किसान को पटककर मार डाला



अफजलगढ़ (चिंगारी)। रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम रानी नांगल के समीप मोजा जसपुर अमानगढ़ जंगल से सटा क्षेत्र में रविवार तड़के एक दर्दनाक हादसे में जंगली हाथी के हमले से किसान की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार रानी नांगल निवासी किसान सरदार जसवंत सिंह (80 वर्ष) पुत्र गुरवित सिंह आज सुबह लगभग 5 बजे अपने घर के पास शौच के लिए गए थे। उसी दौरान वहां मौजूद एक जंगली हाथी ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हाथी के हमले से किसान की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और किसान मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। क्षेत्र अमानगढ़ जंगल से सटा होने के कारण पहले भी जंगली जानवरों की आवाजाही की घटनाएं सामने आती रही हैं। सूचना पर वन विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वन विभाग ने क्षेत्र के लोगों से सतर्क रहने और जंगल किनारे अकेले न जाने की अपील की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक किसान के परिवार को मुआवजा देने तथा क्षेत्र में जंगली हाथियों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की है।

# रमज़ान के आते ही बाजारों में रौनक बढ़ी हर तरफ नजर आने लगी नूरानियत

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बीती शाम चांद दिखाई देने के बाद आज से माह-ए-रमजान की शुरुआत हो गई हैं। और मुसलमानों ने आज से रोजे रखने शुरू कर दिये हैं। रोजे रखने की वजह से जरूरी कामों के अतिरिक्त लोग घरों से कम निकले, जिससे दोपहर तक बाजारों में व सड़कों पर आवागमन काफी धीमा रहा और खामोशी सी छाई रही, वहीं दोपहर बाद से लेकर इफ्तार के वक्त तक बाजारों में घरेलू सामान व फल आदि खरीदारी हेतु भीड़ बढ़ने लगी। फलों के ठेलों व दुकानों में भी इजाफा हो गया और फल-सब्जियों वगैरा की कीमतों में भी उछाल आ गया है। चांद दिखाई दिए जाने के बाद सहरी के लिए बिस्कुट, खजला फैनी आदि की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। रमजान माह में विशेषतौर पर पढ़ी जाने वाली नमाज-ए-तरावीह की शुरुआत भी मस्जिदों में बीती रात से हो गई है। कुल मिलाकर रमजान की आमद से माहौल में चारों तरफ नूरानियत आने लगी है।

# ख़ैर-ओ बरकत लुटाता आया मुकद्दस माह-ए-रमज़ान

**बिजनौर ( चिंगारी )। तमाम दुआओं, बरकतों, रहमतों का मुकद्दस माह रमज़ान आज से शुरू हो गया। माहे मुबारक का आगाज कल उसी समय से हो गया था, जब शाबान माह का चांद नजर आ गया था। माह-ए-मुबारक के इस्तकबाल के लिये मुस्लिमों ने कल तमाम दिन माह ए-मुबारक से संबंधित खरीदो-फरोख्त में गुजारा। लोगों ने सहर ओ-इफ्तार के सामान की खरीद ओर-फरोख्त की। मुस्लिम समाज के लोगों ने दिन ढलने के साथ ही इफ्तार का इंतजाम करना शुरू कर दिया था। विशेष रूप से रमज़ान की मशहूर मेवा यानी खजूरों की जमकर खरीदारी की। इनके अलावा सेब, अंजीर, चीकू, अनार की भी खरीदारी की। इसके अलावा लोगों ने अन्य वस्तुएं, जैसे केक, बिस्किट, पापे, टोस्ट, खजलों की भी जमकर खरीदारी की।**

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।


एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# एक साथ रहेंगे जब तक, सुरक्षित रहेंगे तब तक : लोकेन्द्र जी

## गैण्डीखाता में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन





**लालढांग/चिड़ियापुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम की श्रृंखला में लालढांग खण्ड के गेंडीखाता मण्डल में विराट हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें वक्ताओं ने हिन्दुओं को हिन्दू एकता, प्राचीन हिन्दू संस्कृति और सनातन परंपरा के निर्वाहन करने पर जोर देने के साथ-साथ संघ के पंच परिवर्तनों पर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरिद्वार के विभाग कार्यवाह लोकेंद्र जी ने कहा जब तक हम सभी एक साथ रहेंगे, तब तक हम सुरक्षित रहेंगे। कहा कि संघ की 100 वर्षों की यात्रा 1925 में डॉ. केशवराव बलिराम हेडगवार द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की गई। 25 वर्ष के उपरांत 1948 में गांधी जी की हत्या के बाद संघ पर प्रतिबंध तत्कालीन सरकार द्वारा लगाया गया। लेकिन संघ लगातार अपनी सेवा, समर्पण, सामाजिक कार्यों की परिपक्वता के चलते आगे बढ़ता रहा है। मुख्य अतिथि तीर्थाचार्य रामविशालदास महराज ने कहा हम संगठित रहेंगे, तो सुरक्षित रहेंगे। जो परिवार संगठित रहता है वही तरक्की करता है। पुण्य भूमि भारत में जिहादी मानसिकता रखने वाले लोग हिन्दुओं को जात-पात में तोड़ने का कार्य कर रहे हैं, जो हिन्दुओं के लिए एक बड़ा खतरा है। विशिष्ट अतिथि समाज सेवी शकुंतला लखेड़ा ने संघ के पंच परिवर्तनों की जानकारी प्रदान की और कहा कि समाज के साथ-साथ पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा व संरक्षण करना जरूरी है। हमें आपस में मिलकर अच्छे और स्वच्छ समाज की रचना करने में जागरूक होकर योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में खण्ड संघचालक प्रकाश डोबरियाल, खण्ड कार्यवाह कृष्णा गुप्ता, खण्ड व्यवस्था प्रमुख कमल चौहान, खण्ड शारीरिक प्रमुख रोहित, खण्ड समरसता प्रमुख हंसराज सिंह, खण्ड सम्पर्क प्रमुख देशराज सिंह राठौड़, स्वयं सेविका प्रियंका पोखरियाल, स्वामी अनंतानन्द, जबर सिंह बिष्ट, मनोज अमोली, मंत्री प्रसाद उनियाल, विक्रम चौहान आदि उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर, तैयारी करें रणनीति बनाकर

### प्रधानाचार्य ने परीक्षा के गुर सिखाये

**कोटद्वार (चिंगारी)।** एकेश्वर ब्लाक के पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के गुर सिखाये गये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर द्वारा प्रदेश में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 20 मार्च से आयोजित की जायेगी। कहा कि बोर्ड परीक्षा के लिए छात्रों को रणनीति बनाकर समय प्रबन्धन करके निरन्तर अभ्यास करने, हर दिन आठ-दस घंटे पढ़ाई करने, विषय के सम्बोधनों को रटने के बजाय उसकी अवधारणा को समझने, आत्मविश्वास से प्रश्न पत्रों को हल करने, प्रश्नों के अंक विभाजन के अनुसार उनका सटीक उत्तर लिखने व सभी प्रश्नों को हल करने से अच्छे अंक प्राप्त करके बेहतर श्रेणी में बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की जा सकती है। इसके साथ ही सुन्दर हस्तलेख, उत्तर संख्या व हेडिंग्स को काले स्कैच पेन से लिखने, चित्रों व आलेख को पेन्सिल से बनाकर, पूछे गए प्रश्नों से सम्बंधित सूत्रों, नियमों व समीकरणों का उल्लेख करने से परीक्षक का दृष्टिकोण छात्र-छात्राओं के प्रति सकारात्मक बनाकर मूल्यांकन को सरल व सहज बनाता है। कहा कि विद्यार्थियों को तनावमुक्त होकर परीक्षा देनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के बोर्ड परीक्षा के सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

## लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग पर भाजपा चमका रही अपनी राजनीति : बसपा

**कोटद्वार (चिंगारी)।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा है कि लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग को लेकर भाजपा अपनी राजनीति चमका रही है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल में मार्ग निर्माण पर लगे स्टे को हटाया है, जो आम जनता के संघर्षों एवं आंदोलन का परिणाम है, यह फैसला आने में कई साल लग गए, क्योंकि वर्तमान भाजपा सरकार एवं पूर्व की कांग्रेस सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया। अब जबकि आगामी विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, भाजपा अचानक इस मार्ग को अपनी उपलब्धि बताकर राजनीति चमकाने में लगी है। सांसद अनिल बलूनी और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण इसे ऐतिहासिक बता रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि यह चुनावी जुमला है। कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में स्पष्ट किया गया है कि इस मार्ग पर कमर्शियल वाहनों का संचालन नहीं होगा केवल निजी वाहन ही इस मार्ग पर चलेंगे। प्रदेश सरकार ने स्वयं सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया है कि कमर्शियल वाहनों का संचालन पूर्व की भांति उत्तरप्रदेश के नजीबाबाद से ही किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर भाजपा आम जनता को भ्रमित करने पर लगी है, जो उचित नहीं है। कहा कि बहुजन समाज पार्टी इस तरह की राजनीति का विरोध करती है।

## निरंकारी मिशन 22 को चलायेगा 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' अभियान

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** जब सेवा साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र हो, तब पावन संकल्प जन्म लेते हैं। मानव सेवा और लोक कल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का भव्य शुभारंभ रविवार, 22 फरवरी 2026 प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार समस्त भारत में भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि ऋषिकेश में त्रिवेणी घाट पर गंगा जी के किनारे सफाई अभियान चलाया जाएगा जिसमें ब्रांच ऋषिकेश से संत निरंकारी चेरिटेबल, सेवादल और साथ संगत के वालंटियर भागीदारी करेंगे। आगे बताया कि यह विशाल अभियान देशभर में 1500 से अधिक स्थानों में एक साथ आयोजित किया जाएगा।

## जीआईसी द्वारीखाल में 'अफसर बिटिया' कार्यक्रम आयोजित

### छात्राओं को अपना लक्ष्य प्राप्ति हेतु किया प्रेरित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बाल विकास परियोजना द्वारीखाल द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज द्वारीखाल में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 'अफसर बिटिया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करना था। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रमाकांत डबराल ने कहा कि वर्तमान समय में छात्राएं प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने एवं निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीति अरोड़ा ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए नंदा गौरा योजना, बाल विवाह प्रतिषेध, महिला सुरक्षा एवं घरेलू हिंसा से संबंधित प्रावधानों के बारे में अवगत कराया। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अनुकृति गुसाईं ने बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, वन स्टॉप सेंटर की अधिवक्ता लक्ष्मी रावत ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा बालिकाओं के कानूनी अधिकारों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के लिए निबंध, पेंटिंग, कविता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कनिष्ठ सहायक राकेश सिंह, एएनएम जितेंद्र रावत, समस्त शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## परमार्थ निकेतन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती

### पूर्व केन्द्रीय गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने किया प्रतिभाग



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** मां काली के अनन्य उपासक स्वामी रामकृष्ण परमहंस तथा श्री कृष्ण के अनन्य भक्त चैतन्य महाप्रभु की जयंती पर परमार्थ निकेतन में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने दोनों महापुरुषों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत की संत परम्परा जीवंत और प्रकाशमयी है। हमारे संतों ने मानवता को प्रेम, सेवा, करूणा और भक्ति का सरल मार्ग दिखाया। इस अवसर पर गंगा आरती में सहभाग करते हुये पूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने स्वामी चिदानन्द से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। स्वामी जी ने इस अवसर पर स्वामी रामकृष्ण परमहंस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दक्षिणेश्वर के काली मंदिर में उनका प्रत्येक क्षण मां को समर्पित था। उन्होंने कहा कि संतों का जीवन व वाणी हमें स्मरण कराती है कि सच्चा सुख बाहरी वस्तुओं में नहीं बल्कि हमारा स्वयं अपने भीतर से जुड़ने में है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# योगी के बाद, दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने की संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक से भी अलग-अलग मुलाकात की। हालांकि इसे औपचारिक शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है, लेकिन प्रदेश में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार और संगठनात्मक फेरबदल की चर्चाओं के बीच इन मुलाकातों ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार, संघ प्रमुख ने आज सुबह दोनों नेताओं से करीब 10-10 मिनट तक अलग-अलग मुलाकात की। इससे पहले बुधवार रात करीब आठ बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ के निराला नगर स्थित संघ कार्यालय परिसर में पहुंचकर संघ प्रमुख से भेंट की।

संघ प्रमुख दो दिवसीय प्रवास पर लखनऊ आए थे और बुधवार को उनके प्रवास का अंतिम दिन था।

मुख्यमंत्री और संघ प्रमुख के बीच मुलाकात बंद कमरे में एकांत में हुई।

मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों और प्रदेश स्तर पर संभावित बदलावों की अटकलों के बीच इस बैठक को खासा अहम माना जा रहा है। हालांकि आधिकारिक तौर पर इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया जा रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री और संघ प्रमुख के बीच लगातार हो रही बैठकों ने सियासी हलकों में चर्चाओं को हवा दी है।

राजनीतिक सूत्रों का मानना है कि 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को देखते हुए संघ परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। हाल के दिनों में संघ प्रमुख का उत्तर प्रदेश पर बढ़ता फोकस और विभिन्न कार्यक्रमों के सिलसिले में उनका लगातार दौरा इस दिशा में संकेत माना जा रहा है।

राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि चुनावी रणनीति, संगठनात्मक मजबूती और सरकार-संगठन के समन्वय को लेकर इस तरह की मुलाकातें अहम मानी जाती हैं।

ऐसे में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्रियों और संघ प्रमुख की बैठकों ने प्रदेश की राजनीति में नये कयासों को जन्म दे दिया है।


## ब्रजेश पाठक के आवास पर 101 बटुकों का सम्मान

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और उनके बटुकों के साथ कथित बदसलूकी को लेकर जारी विवाद के बीच आज उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ स्थित अपने आवास पर 101 बटुकों का सम्मान किया। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ बटुकों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया, तिलक लगाया और उनसे आशीर्वाद लिया। उपमुख्यमंत्री ने इससे पहले माघ मेले की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि जिसने भी बटुकों की शिखा खींची है, उसने महापाप किया है। उन्होंने कहा था कि चोटी नहीं खींचनी चाहिए थी, यह महापाप है। जिन लोगों ने शिखा को छुआ है, उन्हें इसका पाप लगेगा। सब खाता-बही में लिखा जा रहा है। इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। ब्रजेश पाठक के इस बयान के बाद बटुकों में संतोष देखा गया। आज सुबह बड़ी संख्या में बटुक उनके आवास पहुंचे और आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी का सम्मान करते हुए गले में माला पहनाई, तिलक लगाया और अंगवस्त्र भेंट किया। इसके बाद उनके लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई।


बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन

ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
आवश्यकता है- अनुभवी, कुशल युवक की
आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।





Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)
Mob.: 7455025144
Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com



किराये हेतु
आवास विकास कॉलोनी बिजनौर में 40 फुटा मेन रोड पर एक हॉल भूतल पर 800 वर्ग फुट बैंक/ऑफिस किराये हेतु उपलब्ध है।
गणेश सिंह
8864941433



भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स


BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928



Hero
आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
Hero
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679